卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

•वर्ष 23 •अंक 141 •पृष्ठ 8 •रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) •शनिवार •25 फरवरी 2023 •मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बोरे में शव मिलने से सनसनी

### हत्या कर गेहूं के खेत में फेंकी गयी लाश, मृतक की शिनाख्त नहीं

किच्छा(उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 7 स्थित गेहूं के खेत में बोरे मे बंद लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मै लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।शव दो तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। युवक की पहचान नहीं ही पाई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर7 में आरिफ कुरैशी का खेत है।जिसमें फुरकान बटाई पर खेती करता है। प्रात: फुरकान खेत में खाद डाल रहा था तभी उसकी नजर पास मे गेहूं के खेत मे पड़ी तो उसने देखा की प्लास्टिक के बोरे में से एक पैर भर निकल रहा था।फुरकान ने तुरन्त पुलिस को सूचना दी जिसपर कोतवाल धीरेंद्र




कुमार पुलिस बल के मौके पर पहुंच गए और शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्डम के लिए भिजवाया। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया लग रहा है की युवक की हत्या कहीं और की गई है।तथा शव को लेकर यहां फैंका गया है। उधर बटाईदार ने बताया कि गत सायं भी उसने (शेष पृष्ठ सता पर)

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

### कमरे में मिला सुसाईड नोट, युवती को ठहराया मौत का जिम्मेवार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते फांसी लगाकर जान दे दी। युवक का शव पंखे से लटका हुआ बरामद किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके से सुसाई नोट भी मिला है जिसमें एक युवती का फोटो और मोबाइल नम्बर भी हैं। मृतक ने अपनी मौत के लिए उक्त युवती को जिम्मेवार ठहराया है। वहीं परिजनों ने उक्त युवती पर युवक की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक किलाखेड़ा के ग्राम रतना मढैया निवासी 25 वर्षीय उमर अली पुत्र



खलील अहमद यहां सिडकुल में नौकरी करता था। वह पिछले कुछ दिनों से वह ट्रांजिट कैम्प में शमशान घाट रोड पर किराये के कमरे में (शेष पृष्ठ सता पर)

### मरने से पहले वायरल किया सुसाईड नोट

रूद्रपुर। मृतक उमर ने सुसाईड नोट आत्म हत्या से पहले ही सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था जिसमें उसने लिखा है कि उसे ट्रांजिट कैम्प में ही रहने वाली युवती ने उसे अपने जाल में फंसाया। वह उसे अपनी बातों में लाकर इस्तेमाल करती रही। वो जो कहती थी उसे करना पड़ता था। अगर मना करता तो मरवाने की धमकी देती। उमर अली ने लिखा है कि उक्त युवती के कहने पर ही वह मजबूर होकर रूद्रपुर आया। मना करने पर वह अश्लील फोटो वायरल करके फंसाने की धमकी दे रही थी। जब मन करता वह उसके कमरे पर आती थी। मना करने पर धमकियां देती थी। उमर ने सुसाईड नोट में लिखा है कि उक्त युवती ने उसकी जिंदगी बरबाद कर दी। उसने लिखा है कि जीते जी तो मुझे इंसाफ नहीं मिला शायद मरने के बाद मिल जाये।

### परिजनों से कही थी दिल्ली जाने की बात

रूद्रपुर। मृतक उमर अली करीब एक साल पहले परिजनों से दिल्ली जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन वह दिल्ली जाने की बजाय रूद्रपुर में रहने लगा। जिस कमरे में उसने फांसी लगायी है उसमें वह करीब 15 दिन पहले ही आया था। इससे पहले वह शहर में अन्य जगह किराये के कमरे में रह रहा था। परिजनों ने बताया कि उमर अली घर पर कभी कभार फोन पर बात करता था लेकिन उसने कभी यह नहीं बताया कि वह रूद्रपुर में हैं।

## भाजपा सरकार से हर वर्ग खुश:जोशी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास विभाग मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को यूआई आरडी में प्रधानमंत्री आवास योजना



(ग्रामीण) के अंतर्गत राजमिस्त्रीयों को प्रशिक्षण उपरांत टूल किट व प्रमाण पत्र वितरित किये। साथ ही नौ दिन के प्रशिक्षण के दौरान उनकी मजदूरी की भरपाई के तौर पर 3974 रूपये की धनराशि प्रत्येक राजमिस्त्री के खातों में ट्रांसफर की गयी। नौ दिवसीय प्रशिक्षण के तहत हरिद्वार और उधम सिंह नगर के कुल 99 राजमिस्त्रीयों को प्रशिक्षण दिया गया। ये राजमिस्त्री अब प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत भवन निर्माण के कार्यों को पूरा करेंगे। इस अवससर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पूर्व में प्रदेश को 16 हजार आवास प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिले थे। अब 18 हजार और आवास इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मिले हैं । प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले राज मिस्त्री इन आवासों को बनाने में अपना योगदान देंगे। इस योजना ने गरीब जरूरतमंदों को अपनी छत देने का काम किया है। आज केन्द्र और प्रदेश सरकार हर वर्ग का उत्थान कर रही है। चाहे गरीब मजदूर हो चाहे किसान हो या सीमा पर लड़ रहा जवान हो। केन्द्र सरकार सबका ध्यान रख रही है। पहले जवानों के पास संसाधन नहीं होते थे आज संसाधनों की कमी नहीं है। सेना का जवान (शेष पृष्ठ सता पर)

## महिला का पर्स चोरी करने वाले गिरफ्त में

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस अटरिया रोड़ पर फल ठेली लगाने वाली महिला का पर्स उठाकर भागने वाले दोनों युवकों को पुलिस ने आज प्रात:पर्स सहित गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि सोनपति देवी पत्नी विरेन्द्र कुमार चौहान हाल निवासी आजाद नगर ट्राजिट कैम्प मूल निवासी ग्राम सुनाड़ी उसरा टोला थाना भलवनी जिला देवरिया उ०प्र० अपने परिवार को पालने के लिए फल ठेली पर रखकर घूम घूम कर बेचती है। कल दोपहर वह अपने फल के ठेले को लेकर अटारिया रोड सरकारी शराब ठेके के पास पहुची जहां (शेष पृष्ठ सता पर)

## युवती की मौत के मामले में तीन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

सितारगंज(उद संवाददाता)। पुलिस ने बन्नाखेड़ा निवासी हरवंश सिंह की पुत्री प्रकाश कौर की मौत के मामले में तीन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। प्रकाश कौर 20 फरवरी को बघौरी के पास खेत में पेड़ से लटकी मिली थी। ग्राम बन्नाखेड़ा, बाजपुर निवासी हरवंश सिंह ने दर्ज कराये मुकदमे में आरोप लगाया है कि उनकी 22 वर्षीय पुत्री प्रकाश कौर को उसकी महिला मित्र सुमन कौर निवासी ग्राम पिण्डारी ने फोन करके अपने घर सितारगंज बुलाया था। सुमन के फोन आने के बाद प्रकाश कौर अपने शैक्षिक दस्तावेज 19 फरवरी को घर से निकली। 20 फरवरी की सुबह जब घर नहीं लौटी। प्रकाश कौर व सुमन कौर का फोन स्विच ऑफ था। वह अपने पुत्र संदीप सिंह और भाई भजन सिंह के साथ प्रकाश कौर को खोजने सितारगंज

## घर से बुलाकर युवक को जान से मारने की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला आदर्श कालोनी में युवक को उसके घर से बुलाकर उसके दोस्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर जान से मारने की कोशिश की। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सरमिला देवी पत्नी महेन्द्र राणा निवासी आदर्श कालोनी ने कहा है कि उसके पुत्र ज्ञान बहादुर राणा को घर से उसके दोस्त बुलाकर ले गये। दोस्त अनिल कोहली निवासी रम्पुरा और लक्ष्मण चौधरी के साथ रुद्र,, सन्नी कोहली व अन्य लोगों ने उसके पुत्र ज्ञान को बहुत ही बुरी तरह मारा पीटा व जान से मारने की कोशिश की। आरोप है पुत्र को फांसी लगाकर व देशी कट्टा दिखाकर मारने की कोशिश व (शेष पृष्ठ सता पर)

WALK & INTERVIEW
Time: 10:00 am | Date 27-02-2023
TATA MOTORS
आवश्यकता है (उ०सि० नगर के लिये) सेल्स एक्सीक्यूटिव की, दो पहिया वाहन व स्मार्ट फोन अनिवार्य है।
-: सम्पर्क करें :-
SONY AUTO WHEELS
SCV Commercial Vehicle Dealer
Kashipur (Parmanandpur)
81, NH 74, U.S. Nagar
(Uttarakhand) 244713
Mob.: 7302259982
8077588443, 8957891018

॥ श्रद्धा-सुमन ॥

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक:।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुत:॥



' हरी इच्छा भावी बलवाना '

बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है हमारी पूज्यनीय माता जी श्रीमती बरफी देवी जी, धर्मपत्नी स्व: श्री नरसिंह दास अग्रवाल का स्वर्गवास दिनॉक 17-02-23 दिन शुक्रवार को हो गया है, प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा

दिनॉक 26-02-23, वार - रविवार, अपराह्न 3 से 4 बजे
एम्बिएंस बैंकट हॉल, काशीपुर रोड रुद्रपुर में होगी

शोकाकुल परिवार

कमला-रामप्रकाश (पुत्रवधु-पुत्र)
स्व: विद्यादेवी-पुरुषोत्तम नारायण (पुत्रवधु-पुत्र)
अंजना-कैलाशचन्द्र (पुत्रवधु-पुत्र)
सविता-प्रदीप अग्रवाल (पुत्रवधु-पुत्र)
नीलम-राधेश्याम (पुत्रवधु-पुत्र)
रीना-विजयकुमार (पुत्रवधु-पुत्र)
नितीश, ओमांश, अर्श, (पड़पोत्र)
अर्चित, सम्भव, दिव्यम, (पड़पोत्र)
युवान (पड़पोत्र)

सुमन-राजेंद्र प्रसाद (पुत्री-दामाद)
आरती-अजय (पौत्रवधु-पौत्र)
भावना-संजय (पौत्रवधु-पौत्र)
चेतना-मोहित (पौत्रवधु-पौत्र)
निधि-रोहित (पौत्रवधु-पौत्र)
खुशबू-अंकित (पौत्रवधु-पौत्र)
आस्था-शुभम (पौत्रवधु-पौत्र)
सागरिका-विक्रम (पौत्रवधु-पौत्र)
एलिस-मानस (पौत्रवधु-पौत्र)
तेजस, ओजस (पौत्र)

प्रतिष्ठान
स्वास्तिक साल्वेंट प्रोडक्ट इंडिया लिमिटेड, रुद्रपुर
नरसिंह दास ओमप्रकाश, रुद्रपुर
ॐ शान्ति ॐ

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों का हुआ चेकअप

## पंजीकृत मरीजों के नि:शुल्क जांच एवं ऑपरेशन होंगे

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री जय भवानी जागरण मंडल के सौजन्य से श्री सुहावा राम भुड्डी धर्मशाला गदरपुर में आयोजित किए गए 31वें निशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल भुसरी और आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश घीक द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया इससे पूर्व पं. शिवा शर्मा द्वारा मां की आरती दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना की गई। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल भुसरी द्वारा सैकड़ों की संख्या में इलाज करवाने आए पंजीकृत लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी की सहायता करना पुण्य का काम है किसी के नेत्रों की रोशनी को सुचारू रखना इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है उन्होंने श्री जय भवानी जागरण मंडल द्वारा लगातार लगाए जा रहे 31वें निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की सराहना करते हुए राइस मिलर्स एसोसिएशन और अपने परिवार की ओर से बुजुर्गों की याद में निशुल्क ऑपरेशन किए जाने हेतु सहयोग प्रदान किया। वही अन्य समाजसेवियों द्वारा भी शिविर में अपना सहयोग देकर पुण्य कमाया गया स कार्यक्रम मैं आढ़ती एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश घीक विशिष्ट अतिथि प्रकाश आई हॉस्पिटल रुद्रपुर के डॉव अनुराग गर्ग रहे। कार्यक्रम के दौरान जय भवानी जागरण मंडल के संरक्षक पवन बजाज, अध्यक्ष सोमनाथ छाबड़ा, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर कालड़ा एवं महासचिव गौरव मदान के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सोमनाथ छाबड़ा ने बताया कि महाराजा अग्रसेन नेत्र चिकित्सालय रुद्रपुर के डॉवनूतन जैन वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक द्वारा पंजीकृत मरीजों की जांच के उपरांत चिन्हित मरीजों के महाराजा अग्रसेन चिकित्सालय रुद्रपुर में निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। इस दौरान प्रकाश भाई हॉस्पिटल के डॉवअनुराग गर्ग द्वारा भी सहयोग प्रदान किया इस अवसर पर धर्मचंद खेड़ा ,विजय सुखीजा, पवन बजाज, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा ,पंकज बजाज ,हैप्पी चंद्रा ,कृष्ण सुधा , संजीव झाम कृष्ण अनेजा, डॉ नूतन जैन सुभाष खुराना ,लेखराज भुड्डी, अशोक पोपली,मनोज गुंबर, सुभाष खुराना, टीकम खेड़ा ,परमजीत सिंह, आकाश कोचर ,लेखराज भुड्डी, शमी खुराना ,सक्षम ग्रोवर, सिंटू चावला ,गोल्डी चावला सहित तमाम लोगों द्वारा सेवा एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है।







# खंड शिक्षा अधिकारी ने उड़ाई प्रबंध समिति भंग होने की अफवाह

काशीपुर(उद संवाददाता)। पंडित गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज के विवादास्पद मामले में जब तमाम प्रयासों के बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी आर एस नेगी के हाथ कुछ नहीं लग सका तो उन्होंने प्रबंध समिति भंग होने का अनर्गल अफवाह उड़ाना शुरू कर दिया। संदिग्ध गतिविधियों के कारण खुद जांच के दायरे में आए खंड शिक्षा अधिकारी आम समाज के बीच कहते पाए जा रहे हैं कि जी बी पंत इंटर कॉलेज के बैंक खाते सीज कर दिए गए और उन्हें प्रशासक बना दिया गया जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जी बी पंत इंटर कॉलेज के प्रबंधक ने बताया कि तमाम बातें कोरी अफवाह मात्र है। बताया कि विद्यालय के बैंक के खाते सीज नहीं हुए और ना ही प्रबंध समिति भंग हुई है। यानी कुल मिलाकर खंड शिक्षा अधिकारी खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी के आदेश पर चल रही जांच को लगातार प्रभावित करने का काम कर रहे हैं। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जीबी पंत इंटर कॉलेज के प्रबंधक ने बताया कि मंसूबे में कामयाब न होने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने विवादों में घिरकर निलंबित हुए पूर्व प्रधानाचार्य अजयशंकर कौशिक से सांठगांठ कर बैंकों में पत्र भिजवा कर खाते सीज करवाने का प्रयास किया लेकिन बैंक कर्मचारियों ने पत्र पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही न करते हुए इससे साफ मना कर दिया। बैंक के अधिकारियों ने कहा कि प्रबंध समिति के किसी भी प्रस्ताव अथवा पत्र के बिना खाते में कोई भी फेरबदल या कार्यवाही संभव नहीं है। जी बी पंत इंटर कॉलेज अलमारी से गायब हुए महत्वपूर्ण दस्तावेजों के प्रकरण में खंड शिक्षा अधिकारी की संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए सिस्टम और सरकार को तत्काल एक्शन ले लेना चाहिए। समाज के एक प्रबुद्ध तबके का मानना है कि यदि अब भी इतना होने के बावजूद विभाग के आला अफसरान मौके की नजाकत को नहीं समझ पाए तो भविष्य के परिणाम गंभीर हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि लगातार हठधर्मिता करने के कारण एक बड़े तबके में खंड शिक्षा अधिकारी के प्रति लोगों का आक्रोश बढ़ने लगा है।

# एनिमल एक्टिविस्ट पशु प्रेमी की सतर्कता से अनुबंध निरस्तीकरण करने के आदेश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में आवारा कुत्तों की हो रही नसबंदी प्रोग्राम के लिए चयनित एनजीओ संतुलन जीव कल्याण समिति (नवीश नेहरा) में एनिमल एक्टिविस्ट पशु प्रेमी प्रथम बिष्ट द्वारा उंगली उठाने के बाद शिकायत सीएम ऑफिस में और अब एनीमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया, शहरी विकास विभाग में हुई और विभाग ने नगर निगम रूद्रपुर को पत्र लिखकर गैर रजिस्टर्ड संस्था के लिए जरूरी कार्यवाही की रिपोर्ट माँगी। इस दौरान एबीसी (एनीमल बर्थ कंट्रोल) रूल्ज 2001 के सभी नियमों का पालन करने को कहा है। बोर्ड के मेंबर को लिखते हुए कहा गया है कि जो भी संस्था यह प्रोग्राम चला रही है वो एडब्ल्यूबीआई से रजिस्टर्ड होनी चाहिए। नियमों के मुताबिक नसबंदी प्रोग्राम चलाने से पहले लोकल बॉडी डिपार्टमेंट हेड की सरपरस्ती में एक कमेटी का गठन होना चाहिए जिसमें एनीमल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन (जो एडब्ल्यूबीआई से रजिस्टर्ड हो) के मेंबर को शामिल किया जाना चाहिए। प्रथम (प्रकाश) बिष्ट ने बताया कि संस्था की राजस्थान भीलवाड़ा और अन्य राज्य में शिकायत दर्ज की बात सामने आयी हैं ऐसे में बेजुबानों के मामलो को गंभीरता से लेने कि जरूरत हैं और भ्रष्ट एवम् क्रूरता करने वाली संस्था को यहाँ काम मिलना क्रूरता को निमंत्रण देने जैसा होगा। साथ ही ऐसी संस्था जब एडब्ल्यूबीआई की गाइड लाइन फॉलो नहीं करती उन्हें भविष्य में किसी भी राज्य में टेंडर नही मिलना चाइए और उत्तराखंड में रूद्रपुर नगर निगम के साथ साथ सभी को सतर्कता की जरूरत हैं । प्रथम बिष्ट ने कहा है कि आवारा कुत्तों की नसबंदी एवं एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान से उनकी संख्या में कमी जिससे देख भाल अच्छे से होगी, जिससे एक्सीडेंट की घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। उन्होंने बताया कि कुत्ता नसबंदी की पूरी प्रक्रिया एनीमल बर्थ कंट्रोल नियम, 2001 तथा एबीसी माड्यूल 2015 के अनुसार ही संपादित की जाती हैं फिलहाल जाँच और शिकायत के आधार पे संस्था को अनुबंध निरस्तीकरण भेज दिया अब टेण्डर नये सिरे से शुरू किया जाएगा मगर सवाल ये भी हैं चयन आखिर कैसे हुआ ।

# ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर ,आधा दिन बंद रहा बाजार

शक्ति फार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म कुसमौठ निवासी पूर्व मंत्री व उत्तर प्रदेश के बहरज विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे कद्दावर नेता स्व.ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह का शुक्रवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। निधन





की खबर मिलते ही समूचे क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी। व्यापार मण्डल शक्तिफार्म के व्यापारियों ने आज शोक में आधे दिन बाजार बंद रखा। उत्तराखंड के तराई एवं उत्तर प्रदेश के बाहुबली नेता 73 वर्षीय ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह का शुक्रवार को सितारगंज के एस अस्पताल सितारगंज में हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी वहीं परिवार में कोहराम मच गया। ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह 1986 से 1992 तक सितारगंज के ब्लाक प्रमुख रहे 1996 में पहली बार विधायक बरहज 1997 में पशुपालन सहकारिता रेशम उद्योग मत्स्य विभागो के मंत्री बने दूसरी बार 2012 में पुन:बरहज से विधायक बने 2014 में अपनी पत्नी मंजू लता सिंह को सितारगंज का ब्लाक प्रमुख बनाया और लालकुआं सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल की कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष भी थे। तथा वह कई बार उत्तर प्रदेश में विधायक एवं कैबिनेट मंत्री भी रहे, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मंजूलता सितारगंज की पूर्व ब्लाक प्रमुख भी रह चुकी है। ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह के 3 पुत्र और दो पुत्रियां है, जिसमें बड़े पुत्र इंटरनेशनल शूटर ठाकुर शिव वर्धन सिंह, जयवर्धन सिंह और डॉ शक्ति वर्धन सिंह शामिल है। उनकी बेटी डॉ आरती एसटीएच चिकित्सालय हल्द्वानी में सेवारत हैं, जबकि दूसरी बेटी श्रीमती पूजा अमेरिका में सेटल्ड है। 73 वर्षीय ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं, उनकी पत्नी पूर्व ब्लाक प्रमुख सितारगंज मंजू लता का रो रो कर बुरा हाल है। शुक्रवार प्रात: शक्तिफार्म स्थित उनके आवास में उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई जिन्हें तुरंत ही सितारगंज के निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह समाचार सुनकर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं की सबसे पुरानी यूनियन कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष भी थे, वह सेंचुरी मिल श्रमिकों के तमाम आंदोलनों में उनके सहभागी रहे, तथा पूर्वांचल के श्रमिकों के मार्गदर्शक के रूप में उन्हें लालकुआं क्षेत्र में पहचाना जाता था।ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह का लालकुआं ट्रांसपोर्ट नगर में शक्ति ट्रांसपोर्ट भी है।

# फायर स्टेशन अल्मोड़ा ने महिला पॉलिटेक्निक में किया मॉक ड्रिल

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय द्वारा फायर स्टेशन अल्मोड़ा के वार्षिक निरीक्षण के दौरान स्कूल कॉलेजों में मॉकड्रिलकर जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तहत प्रभारी अग्निशमन अधिकारी उमेश चंद्र परगाई के नेतृत्व में फायर स्टेशन अल्मोड़ा की टीम द्वारा महिला पॉलिटेक्निक पाताल देवी अल्मोड़ा में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कॉलेज की छात्राओं




व स्टॉफ को मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन टीम द्वारा घटना में घायल व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल कर फर्स्ट एड प्रदान करते हुए स्ट्रेचर की सहायता से अग्निशमन वाहन से चिकित्सालय भेजे जाने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षक स्टॉफ को आग पर काबू पाने के उपायों, राहत बचाव के साथ इवेक्युएशन, सीपीआर व प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के संचालन की जानकारी भी प्रदान की गई।

# सरोवर नगरी में बढ़ने लगी तपिश, लोग हैरान

देहरादून। मैदानी इलाकों के साथ ही अब पहाड़ी इलाकों में खिल रही धूप मार्च-अप्रैल जैसी गर्मी का एहसास करा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में अगले दो दिन मौसम शुष्क बना रहने का अनुमान है। चटख धूप खिलने से तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। रविवार को ताजा पश्चिमी विक्षोभ के उत्तराखंड में सक्रिय होने से मौसम करवट बदल सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा के आसार हैं। नैनीताल में तपिश बढ़ने से फरवरी में ही मार्च-अप्रैल जैसी गर्मी का एहसास होने लगा है। जिस कारण दिन के समय लोगों के तन से गर्म कपड़े उतरने लगे हैं। मौसम का यह मिजाज आश्चर्य में डालने वाला है। स्थानीय लोगों के मुताबिक फरवरी में इस तरह का मौसम पहले कभी नहीं देखा गया। मौसम के तेवरों को देखते हुए अब यहां हिमपात की कोई उम्मीद नहीं रही। आजकल यहां सुबह व शाम की हल्की ठंड बनी हुई है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हीटर व आग का सहारा लेना पड़ रहा है। जीआइसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शुक्रवार को नगर का अधिकतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।



अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# घर के बुजुर्गों ने किया नए प्रतिष्ठान का उदघाटन

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री अशोक छाबड़ा के नए प्रतिष्ठान एव एल आई सी के भव्य कार्यालय का शुभारंभ परिवार के बुजुर्ग गणों हरिचन्द छाबड़ा ,प्रेमलाल छाबड़ा व अनिल छाबड़ा द्वारा फीता काटकर एवं आर्शीवाद देकर किया गया।नए प्रतिष्ठान के शुभारम्भ के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने पहुँचकर बधाई दी।प्रतिष्ठान के स्वामी अशोक छाबड़ा ने बताया कि इस प्रतिष्ठान पर जिंदगी के साथ भी एवं जिंदगी के बाद भी की बात साकार होगी।उन्होंने बताया कि उनके इस प्रतिष्ठान पर व्यक्ति के जीवन मे हर खुशी के पल को यादगार बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक पटाखों के साथ साथ कॉक ब्रांड, मगर, सुप्रीम सहित कई कम्पनियों के पटाखे मिलेंगे।वही जिंदगी के बाद भी के लिए एल आई सी के कार्यालय का भी शुभारम्भ इसी जगह रहेगा जहां व्यक्ति को हेल्थ बीमा वाहन बीमा सहित एल आई सी सहित केयर ,स्टार, निवा सहित अन्य कम्पनियों के बीमा लाभ व सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने आये अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का कार्यक्रम के साक्षी बनने एव सुभकामनाओं के लिए धन्यवाद अर्पित किया।वही अपने मधुर व्यवहार के लिए क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले अशोक छाबड़ा व उनके परिवार को बधाई देने वालो का ताता पूरा दिन लगा रहा।इस मौके पर हरिचन्द छाबड़ा, प्रेमलाल छाबड़ा, विजय छाबड़ा, अजय छाबड़ा, अनिल छाबड़ा,, वेद छाबड़ा, आदित्य छाबड़ा, अम्बर छाबड़ा, कुकू छाबड़ा, वीरेंद्र छाबड़ा, अरविंद छाबड़ा,संजीव छाबड़ा, भारत भूषण चुघ,प्रेमानंद महाजन, दीपक बेहड़, संदीप चावला, राहुल अनेजा, सोमनाथ छाबड़ा, अभिषेक गाबा,किशन सुधा, एलआईसी रुद्रपुर शाखा प्रबंधक अजय कुमार,डिप्टी मैनेजर प्रकाश पांडेय, गदरपुर ब्रांच प्रबंधक सचिन आनंद, कैलाश कैरा,प्रेस क्लब अध्यक्ष जयकिशन अरोरा,सुरजीत बत्रा, जसपाल डोगरा,मुकेश पाल, परमजीत पम्मा, सन्दीप गांधी, विजय सुखीजा, लेखराज नागपाल, गौरव बत्रा,मीरा छाबड़ा, ज्योति छाबड़ा, आशु छाबड़ा, सोनिका छाबड़ा,अक्षिता छाबड़ा, मोनिका छाबड़ा,भावना छाबड़ा,सपना छाबड़ा, ज्योति छाबड़ा,नीतू पायल, बजाज, संगीता गांधी,डोली,रेनू फुटेला, नीतू गक्खर,सुमन बांगा,वीना बजाज, सुनीता अरोरा,सीमा गाबा,मंजू गाबा ,सिल्की गाबा,सरोज बजाज,प्रीति खुराना,सीमा राजदेव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।





# चौकवाल विश्वकप प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे एसएस पब्लिक स्कूल के 2 कोच

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रतिष्ठित एसएस पब्लिक स्कूल में आयोजित किए गए सम्मान समारोह में राष्ट्रीय चौक बाल दल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित होने पर केवल कंबोज एवं कुमारी रेखा को सम्मानित किया गया। उत्तराखंड राज्य चाक बाल संघ के संरक्षक डीपी सिंह ने बताया आगामी 14 जुलाई 2023 से सिंगापुर में होने वाले यूथ चाक बाल विश्व कप में भारत की बालक एवं बालिका टीम के कोच के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व केवल कंबोज और कुमारी रेखा करेंगी , उन्होंने दोनों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह ना केवल विद्यालय अपितु राज्य के लिए भी एक गौरव का विषय है जो कि खेल भावना को समाज में प्रसारित करता है। जानकारी देते हुए राज्य सचिव प्रदीप चौधरी ने बताया कि आगामी 14 जुलाई 2023 से होने वाली यूथ चौक बाल विश्व कप प्रतियोगिता में विश्व के 28 देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे तथा इस प्रतियोगिता का आयोजन 2 वर्ष के पश्चात किया जाता है। एसएस पब्लिक स्कूल में कार्यरत केवल कंबोज एवं कुमारी रेखा का भारतीय टीम कोच के रूप में चयन हापुड़ में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में किया गया था स भारतीय टीम 20 जून से दिल्ली में एवं 2 जुलाई 2023 से जालंधर में प्रशिक्षण कैंप करेंगी स इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद ,उमेश चौहान, सचिन बजाज, इंद्रजीत सिंह, एसपी पांडे, राजकुमार सुखीजा, काजल अरोरा, हिना नेगी एवं कुमारी कीर्ति फोगाट आदि ने शुभकामनाएं प्रदान की।



# बालिकाओं को दीं विधिक व बाल अधिकारों की जानकारी

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा रेड कास सोसाइटी के समन्वय से राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, विण, पिथौरागढ़ में बालिकाओं के कैरियर काउंसलिंग तथा बाल अधिकारों के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राधिकरण सचिव सीनियर सिविल जज श्रीमती विभा यादव ने बताया कि परीक्षा नजदीक है, इससे चिंतित न हो, विचार व भोजन संतुलित रखे। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं अपने अधिकारो के प्रति सचेत रहे। जीवन में अच्छे मूल्यों को अपनाये एवम् अपने विरूद्ध हो रहे किसी भी अपराध या गलत कृत्य को सहन न करे तथा उसकी शिकायत अपने परिजनों व गुरूजनों से करें। अपनी चिन्ताओं और समस्याओं को अपने मन में न रखे तथा अपने बड़ो से विचार- विमर्श करे तथा उसका निवारण करने की कोशिश करें। पैनल अधिवक्ता श्रीमती विजेता मेहरा ने बच्चों को पोक्सो अधिनियम, गुड टच एवं बैड टच.. बाल मजदूरी, बाल विवाह इत्यादि के बारे में जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने चिकित्सकीय प्रर्दशन भी किया जिसमे त्वरित उपचार के बारे में बताया तथा दर्शकों के समक्ष प्राथमिक उपचार की प्रक्रिया का अभिनय भी किया। शिविर में पैनल अधिवक्ता, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं सचिव, चिकित्सा क्षेत्र के होम्योपैथी चिकित्सक तथा अस्पताल के अन्य स्टॉफ मौजूद थे। जिन्होने उपस्थित बच्चों का चिकित्सकीय परीक्षण किया एवं शिविर को सफल बनाने हेतु अपना सहयोग प्रदान किया।



# इंदिरा कालोनी रूद्रपुर में भव्य श्री श्याम कृपा महोत्सव आज रात्रि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंदिरा कालोनी स्थित रामलीला मैदान में आज रात भव्य श्री श्याम कृपा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें भजन गायकों द्वारा श्याम बाबा का सुंदर गुणगान किया जायेगा। जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि रात्रि सवा आठ बजे से महोत्सव का शुभारम्भ होगा। जिसमें मुख्य यजमान पुनित गोयल रहेंगे। सवामणी प्रसाद की सेवा समाजसेवी हरिविष्णु गोयल और कांता देवी गोयल की ओर से की जायेगी। दरबार में मुख्य आकर्षण तेजस्वी शीश दर्शन, आलोकिक श्रृंगार, अखण्ड ज्योति, इत्र वर्षा, श्री श्याम रसोई, भव्य दरबार, छप्पन भोग और फूलों की होली भी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। महोत्सव में बीकानेर राजस्थान के भजन गायक प्रवेश शर्मा, ग्वालियर से वैष्णवी शर्मा दिल्ली से शिवम इंटरनेशनल म्यूजिक ग्रुप और रूद्रपुर के भजन गायक अमन सांवरियां अपने सुंदर भजनो से श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। आयोजकों ने धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्याम बाबा का गुणगान सुनने की अपील की है।

# सिरौली कला में शीघ्र पूरे हों विकास कार्य: खान

किच्छा(उद संवाददाता)। सिरोलीकलां के विकास की लड़ाई लड़ रहे कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष एन यू खान ने यहां जारी एक प्रेस नोट मै कहा है कि माननीय उच्च न्यायालय ने सिरोलीकला के रुके विकास कार्यों को शीघ्र कराने का आदेश दिया है। तथा नगरपालिका एवं राज्य सरकार को कहा है सिरौली में जारी विकास के कार्य मे किसी भी प्रकार की रोक न लगाई जाय।क्यों कि जनहित के कार्यों को रोकना उचित नहीं है। कांग्रेस उपाध्यक्ष एन यू खान ने बताया कि पूर्व में सिरौली को नगरपालिका में सम्मिलित किया गया था। कुछ लोगो द्वारा राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से इसे नगर पंचायत बनाने का प्रयास किया था जिस पर राज्य सरकार ने आदेश भी दिया था।किंतु सिरौली के लोग नगर पालिका में ही रहना चाहते थे।जिस वजह से वे न्यायलय की शरण चले गए तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मामले को सुना और नगर पंचायत पर रोक लगा दी थी तबसे सिरौली मै विकास के कार्य रुके हुए थे। गत दिनों हुई सुनवाई में माननीय उच्च न्यायालय द्वार विकास कार्यों को कराए जाने का आदेश जारी कर दिए है।



# वाहनों में ओवरलोड उपखनिज न भरें पट्टाधारक

सितारगंज(उद संवाददाता)। उकरौली खनन क्षेत्र में अवैध भंडारण की शिकायत पर तहसीलदार ने छापा मारा। छापेमारी के दौरान अवैध भंडारण नहीं पाया गया। इसके साथ ही तहसीलदार ने निजी खनन पट्टों का भी निरीक्षण किया। तहसीलदार ने खनन पट्टाधारकों को वाहनों में ओवरलोड उपखनिज भरकर न देने के निर्देश दिए। शुक्रवार को तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी राजस्व कर्मियों के साथ उकरौली गांव पहुंचे। तहसीलदार त्रिपाठी ने बताया कि गांव के खनन क्षेत्र में तीन जगहों पर अवैध भंडारण की शिकायत मिली। इस पर उन्होंने बताए स्थानों पर छापा मारा। लेकिन एक भी जगह अवैध भंडारण नहीं मिला। तहसीलदार ने बताया कि निजी पट्टों पर हो रहे खनन का मुआयना कर पट्टाधारकों को किसी भी तरह से अवैध खनन न करने और वाहनों में ओवरलोड उपखनिज न भरकर देने के निर्देश दिए। उन्होंने रास्ते में खनन सामग्री से भरे वाहन भी चेक किए। इस दौरान राजस्व टीम के वाहन को देख एक वाहन स्वामी वाहन को छोड़कर फरार हो गया। तहसीलदार ने बताया कि वाहन लॉक होने की वजह से उसे वहीं छोड़ना पड़ा । तहसीलदार ने कहा कि अवैध खनन या ओवरलोड उपखनिज ले जाने वाले वाहन किसी भी हाल बख्शे नहीं जाएंगे। चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और कद्दावर नेता ठाकुर प्रेम प्रकाश के निधन पर जताया शोक

सितारगंज(उद संवाददाता) । उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और कद्दावर नेता ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह अब इस दुनिया में नहीं रहे हैं। काफी समय से अस्वस्थ चल रहे ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह ने शुक्रवार को अपने प्राण त्याग दिए हैं। उनके निधन की खबर से इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी है। ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह का उत्तर प्रदेश के साथ-साथ उत्तराखंड की राजनीति में भी काफी दखल रहा है। उत्तर प्रदेश के बरहज से विधायक रहते हुए वह यूपी सरकार में मंत्री बने । इसके अलावा प्रेम प्रकाश सितारगंज के ब्लॉक प्रमुख भी रहे हैं। हाल में वह काफी दिनों सें बीमार थे। शुक्रवार उन्होंने कुसमोठ स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली थी। अंत्येष्टि उनके पैतृक गाँव देवरिया में पैना में जी जायेगी। ठाकुर प्रेम प्रकाश सिंह के पुत्र शिववर्धन सिंह, जयवर्धन सिंह व शक्तिवर्धन सिंह भी राजनीति में सक्रिय हैं। निधन की खबर पर क्षेत्र के राजीनीतिक एवं सामाजिक लोगों ने उनके निवास जाकर शोक व्यक्त किया।

# गोकशी के मामले में सभासद ने दी तहरीरं

गदरपुर(उद संवाददाता)।नगर पालिका गदरपुर क्षेत्र के अंतर्गत हो रहे अवैध कार्यों सहित संरक्षित पशुओं की हत्या करके मांस एवं चर्बी के अवैध कारोबार के अलावा अन्य चोरियों पर लगाम ना लगने के विरोध में सभासद द्वारा थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सभासद परमजीत सिंह ने थाने में दी गई तहरीर के आधार पर बताया कि क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के अपराधों में लिप्त अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं इसका मुख्य कारण प्रशासन द्वारा संरक्षण दिया जाना है। उन्होंने नगरपालिका पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि वार्ड नंबर 7 में 2 दिन पूर्व गोकशी के मामले को रफा-दफा करवाए जाने के लिए भी दबाव डाला गया। कई बार सरकार के नुमाइंदों द्वारा कार्रवाई का प्रयास किया जाता है तो नगरपालिका प्रशासन मैं संबद्ध जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार के मुखिया के खिलाफ सीधे-सीधे अपशब्द कहे जाते हैं और नगर का माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने थाने में दी गई तहरीर के आधार पर अपराधियों पर अंकुश लगाने की मांग की है ताकि शहर का माहौल खराब ना हो और सभी धर्म के लोगों में एकता बनी रहे। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा जांच एवं कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# जनजातीय समाज हमारे देश की मजबूत जड़ के समान:धामी

## खटीमा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महासम्मेलन आयोजित

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने थारू विकास भवन पहुंचकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महासम्मेलन में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में भारी संख्या में पधारी जनता का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन करते हुए कहा कि यह मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है कि सभी के बीच महासम्मेलन में आने का मौका मिला। श्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि भाईयो – बहनो, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी ने दलित और वनवासी समाज के लिए अस्तित्व, अस्मिता और आत्मनिर्भरता का जो मंत्र दिया था उसका आज संपूर्ण देश में प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में अक्षरशः पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें यह याद रखना होगा कि पेड़ चाहे जितना भी विशाल हो, लेकिन वह तभी अपना सीना ताने खड़ा रह सकता है, जब उसकी जड़ें मजबूत हों। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज हमारे वटवृक्ष रूपी देश की मजबूत जड़ के समान है। इसलिए हमारी डबल इंजन की सरकार का मानना है कि जनजातीय समाज का मजबूत और आत्म निर्भर बनना हमारे देश और प्रदेश की उन्नति के लिए परम आवश्यक है ।उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार और विशेष रूप से आदरणीय मोदी जी के प्रत्येक ऐतिहासिक कार्य का विरोध करने वाले लोगों को जनजातीय सम्मेलन के आयोजन पर भी एतराज होता था, ऐसे पथ भ्रष्ट लोगों को जनजातीय समाज द्वारा नव भारत निर्माण में किए गए योगदान का भान ही नहीं है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदान की जानकारी से देश को अंधेरे में रखा गया और अगर बताया भी गया तो बहुत ही सीमित दायरे में बताया गया, पर वर्तमान में आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश जाग चुका है और अब कोई भी इसकी संस्कृति और इतिहास के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता । श्री धामी ने कहा कि 2014 से पहले राजनीतिज्ञों में दलित और जनजातीय समाज को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक राजनैतिक इच्छाशक्ति की कमी थी, उन्होंने इस समाज के व्यावसायिक हितों पर कोई ध्यान नहीं दिया और दिखावे तक ही दलित समाज के विकास की बात किया करते थे । पूर्व में राजनीतिज्ञों द्वारा जनजातीय समाज को धर्म के नाम पर आपस में बांटकर देश में वोटबैंक की राजनीति करने का महाषड्यंत्र भी रचा गया ।उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज का जनजातीय समाज ने किस तरह से साथ दिया था, इसी सहयोग का परिणाम था कि महाराणा प्रताप, अकबर से और शिवाजी महाराज, औरंगजेब से लोहा ले सके थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य सरकार ष्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासष के मंत्र के साथ चल रही है । उन्होंने कहा कि आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के लिए कई ऐसी योजनाओं को लागू किया है, जिनसे समाज के ये वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें । उन्होंने कहा कि आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में हर साल एससी / एसटी के कल्याण के लिए आम बजट में जहां आवश्यक बढ़ोतरी की गई, वहीं उनकी आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक स्थित को मजबूत करने के लिए कई बड़े फैसले भी लिए गए हैं। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंर्तगत उन गांवों को आदर्शों गांवों में विकसित किया गया, जिनकी आबादी में 50 प्रतिशत जनसंख्या एससी/एसटी वर्ग की थी ।देश में पहले से चले आ रहे दलित उत्पीड़न कानून 1989 को प्रधानमंत्री जी ने संशोधित करके और अधिक सख्त बनाया। इस संशोधन से दलितों को त्वरित न्याय दिलाने की मुहिम को बल मिला।इस कानून द्वारा दलित उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई करने के लिए विशेष अदालतों के गठन और सरकारी वकीलों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया गया। श्री धामी ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने जहां एक ओर उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना में गरीबों, शोषितों, वंचितों, आदिवासियों और दलितों को प्राथमिकता दी वहीं आयुष्मान योजना द्वारा इस वर्ग का मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया । उन्होंने कहा कि आज 50 प्रतिशत आदिवासी आबादी वाले क्षेत्र में एकलव्य स्कूल खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि एक और जहां कालसी, बाजपुर एंव खटीमा में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है वहीं दूसरी और ग्राम मैरावना, चकराता व देहरादून में भी नवीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना के लिए वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि आज देश में आदरणीय मोदी जी द्वारा गठित डॉ० अंबेडकर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ही फल है कि दलित और जनजातीय समाज के कल्याण और पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। कार्यक्रम में सांसद अजय टम्टा, एससी आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, डॉ.भीमराव अम्बेडकर जनकल्याण समिति के अध्यक्ष शीशराम, एसके सेन आदि ने भी अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा, एसडीएम रविंद्र बिष्ट, तुषार सैनी, अध्यक्ष मण्डी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह,पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम के पश्चात श्री धामी ने नगला तराई स्वर्गीय धन सिंह के आवास पहुंचकर लगभग 90 वर्षीय बूढ़ी आमा नन्दा देवी का हालचाल जाना तथा आशीर्वाद लिया। पुलिस विभाग के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्चीकृत आदेश कक्ष तथा उच्चीकृत परिवहन शाखा बैरेक का उदघाटन किया।











# नमो किसान सम्मान दिवस पर किसानों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पीएम किसान सम्मान निधि के चार वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा की ओर से नमो किसान सम्मान दिवस का आयोजन ग्राम सभा सबौरा चकरपुर मण्डल खटीमा में किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कृषि उत्पादन मण्डी समिति खटीमा के अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत और किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा ने क्षेत्र के किसान हरीश खड़ायत, सुरेन्द्र सिंह झनकट, राजकुमार सिंह राना, हरदेव सिंह राना, मान सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने धीरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों का सम्मान बढ़ा है। किसानों को सम्मान निधि के रूप में सहायता प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में 24 फरवरी को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से की थी। इस योजना के माध्यम से देश के 11 करोड़ किसानों के खाते में दो–दो हजार रुपये के तीन किस्तों में कुल मिलाकर हर वर्ष सीधे छह हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। हमेशा से भारत की अर्थव्यवस्था में किसानों का अहम योगदान रहा है। मुख्य अतिथि नंदन सिंह खड़ायत ने कहा कि इस दिन का उद्देश्य किसानों के महत्व और राष्ट्र के समग्र सामाजिक और आर्थिक विकास में उनके मूल्यवान योगदान के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। केंद्र सरकार भी किसानों के हित में कई कदम उठा रही है। भाजपा सरकार में किसानों को कारोबार करने के नए मौके मुहैया हुए हैं और वे उनका फायदा उठा पा रहे हैं। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष विक्रम सिंह भाट, किसान मोर्चा अध्यक्ष पूरन खड़ायत, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर मुडेला, प्रकाश पाण्डेय, तेज सिंह महर, हनुमान सिंह ज्याला, दीपक कुमार, जीवन कार्की, पुष्कर कुमार सुनील कुमार आदि समेत कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक आईडी पाण्डेय रहे।



# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मिले सहायता उपकरण

बागेश्वर( उद संवाददाता)। समग्र शिक्षा अभियान के द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्र बागेश्वर के संयोजकत्व में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहायता उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया।शिविर में बच्चों को एल्मिको सोसायटी कानपुर द्वारा सहायता उपकरण वितरण किये गये। राजकीय इंटर कालेज बागेश्वर में आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्य शिक्षा अधिकारी व जिला समन्वयक समेकित शिक्षा समग्र शिक्षा अभियान गजेंद्र सिंह सोन ने किया उन्होंने कहा कि विशेष



आवश्यकता वाले बच्चों को समाज में सम्मानजनक तरीके से जीने का अधिकार है। संयोजक ब्लाक समन्वयक हेम लोहुमी ने शिक्षा विभाग के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। जिला समन्वयक अरुण थपलियाल ने उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। शिविर में बच्चों को कैलीपर, व्हील चेयर, श्रवण मशीन वाकर, एकम आर किटों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एल्मिको के अनिल नायक, राजू कुमार ,श्री बलवंत कालाकोटी,श्री मनोज सिंह, विशेष शिक्षक श्रीमती ममता नेगी, प्रमोद यादव,श्याम त्रिपाठी ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन श्री हेम लोहुमी ने किया। इस दौरान 30 बच्चों को उपकरण प्रदान किए गए।

Anant Graphics
ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# भूमि प्रबंधन हेतु कृषि वानिकी विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

देहरादून (उद संवाददाता)।कृषि वानिकी भूमि प्रबंधन एवं किसानों की आय वर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कृषिवानिकी पद्धतियों में वैज्ञानिक तकनीक का प्रयोग करके फसलों तथा वृक्षों का संगम करके उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इसी के ध्यान में रखते हुए विस्तार प्रभाग, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून ने वन विज्ञान केन्द्र व कृषि विज्ञान केन्द्र के नेटवर्किंग के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र धनौरी में ''भूमि प्रबंधन हेतु कृषि वानिकी'' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। डा0 चरण सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा श्रीमती ऋचा मिश्रा, भा.व.से. प्रमुख, विस्तार प्रभाग, वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून से किसानों को सम्बोधित करने और उद्घाटन करने का अनुरोध किया। अपने संबोधन में उन्होंने कृषि भूमि पर कृषि फसलों के साथ वृक्षों के एकीकरण के माध्यम से आय वृद्धि के लिए कृषिवानिकी के महत्व और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होने कृषि वानिकी के विविधीकरण के बारे में भी बात की और बताया कि कैसे वे एक साथ मिलकर प्रजातियों की उत्पादकता में सुधार कर सकते हैं, जिससे बेहतर कृषि वानिकी उत्पादन और आर्थिक लाभ हो सकता है। उन्होंने प्रशिक्षण का अवलोकन भी किया और प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का अधिक से अधिक उपयोग करने का आग्रह किया। विज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि वैज्ञानिक तकनीकियों का समावेश करके कृषि वानिकी की जाए तो इससे निश्चित ही किसानों की आय बढ़ेगी और इस दिशा में यह प्रशिक्षण काफी लाभदायक सिद्ध होगा। कृषि विज्ञान केन्द्र, धनौरी के अधिकारी प्रभारी डा0 पुरुषोत्तम सिंह ने भी पेड़ों और कृषि फसलों की भूमिका के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण में आए विषय विशेषज्ञों डा0 चरण सिंह, डा0 देवेन्द्र कुमार, श्री रामबीर सिंह, डा0 विनोद कुमार, डा0 योगेन्द्र पाल, डा0 विपिन प्रकाश, डा0 दीप्ती चौधरी एवं श्री मोहित हसन ने भी कृषि वानिकी पर किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान की तथा अपने विचार किसानों के साथ साझा किए। प्रशिक्षण में 42 किसानों ने भाग लिया। प्रबंधन टीम में शामिल डा0 चरण सिंह, डा0 देवेन्द्र कुमार, रामबीर सिंह एवं प्रीतपाल सिंह, नवीन चौहान आदि ने प्रशिक्षण कार्यक्रम सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# बोर्ड परीक्षार्थियों ने की काशिलदेव मंदिर में की सत्यनारायण की कथा

कपकोट(उद संवाददाता)।राजकीय मॉडल इंटर कालेज कपकोट के 10 वीं और 12वीं के छात्र और छात्राओं ने काशिल देव मंदिर में श्री सत्य नारायण भगवान की कथा का आयोजन किया। बच्चों ने काशिल देव से उनकी परीक्षा सफल होने के साथ ही राज्य की मेरिट सूची में बेहतरीन स्थान आने की प्रार्थना की। कथा के बाद मंदिर में पारंपरिक ढोल नगाड़ों के साथ भव्य महाआरती निकली। बच्चे जय जयकार



कर है थे। श्री भगवान को विशेष भोग लगाया गया। दिनभर मंदिर बच्चों के मन भावन भजनों से गुंजायमान रहा। विद्यालय परिसर में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में शिक्षकों और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा वाचन सिलकानी निवासी आचार्य नवीन चंद्र जोशी ने किया। पुजारी गणेश और गिरीश चंद्र उपाध्याय ने प्रसाद बांटा। मोहित कपकोटी और विक्रम सिंह ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य बंशी लाल और कक्षा अध्यापिका सुषमा टम्टा ने बच्चों के आयोजन की सराहना की और उन्हें परीक्षा पूरी ईमानदारी के साथ देने को कहा। सफलता मेहनती व्यक्ति के चरण छूती है।

# वात्सल्य हत्याकांड को लेकर यूकेडी के साथ डीएम से मिले पूर्व गृह सचिव टावरी

देहरादून(उद संवाददाता)।विजय वात्सल्य हत्याकांड की धीमी जांच को लेकर भारत सरकार के पूर्व गृह सचिव कमल टावरी उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी सोनिका सिंह से मिले और विस्तार से अपना



आक्रोश जाहिर करते हुए उनके माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी प्रेषित किया। उत्तराखंड क्रांति दल ने इसकी जांच एसआईटी या सीबीआई से कराने की मांग की। पूर्व गृह सचिव कमल टावरी ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि देहरादून सीनियर सिटीजन के लिहाज से बहुत खतरनाक शहर में तब्दील होता जा रहा है।उन्होंने कहा कि संपत्ति के लिए भूमाफिया यहां पर हत्याएं कर रहे हैं और इनका गठजोड़ पुलिस प्रशासन से लेकर नेताओं से है, जिसके चलते कोई भी प्रभावशाली कार्यवाही नहीं हो पा रही है। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि 15 दिन बाद भी धारा 302 के अंतर्गत दर्ज मुकदमे में कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हो पाई है। उत्तराखंड क्रांति दल ने अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। शिष्टमंडल से बातचीत करने के बाद जिलाधिकारी ने एसएसपी दिलीप सिंह कुमार सिंह फोन पर बात की और इस मामले में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले को खुद भी अपने स्तर पर देखेंगे और ज्ञापन भी तत्काल राज्यपाल को भेज दिया जाएगा। मृतक विजय वात्सल्य की पिता प्रमोद कुमार वात्सल्य ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि न्याय के लिए 84 साल की उम्र में उन्हें अपने बेटे के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। हत्यारों की ऊंची पहुंच के चलते कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। जिलाधिकारी से मुलाकात करने वालों में पूर्व गृह सचिव कमल टावरी, उत्तराखंड क्रांति दल की केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल, केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष उत्तरा पंत बहुगुणा, उपाध्यक्ष सुनील ध्यानी, सोशल एक्टिविस्ट तथा अपने परिवार के संस्थापक पुरुषोत्तम भट्ट के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता रामकुमार रात्रि आदि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता तथा समाजसेवी संगठनों के लोग उपस्थित थे।

# जनपद पिथौरागढ़ का 63 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद पिथौरागढ़ का 63 वा स्थापना दिवस रामलीला मैदान में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रीना जोशी एवं जनसरोकर संघर्ष मंच के सदस्यों द्वारा केक काटकर जनपद की खुशहाली एवं विकास की कामना की गयी। इस अवसर पर जनसरोकर संघर्ष मंच के संरक्षक डॉ. अशोक पंत एवं राम सिंह बिष्ट ने जिलाधिकारी को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. पंत ने जनपद पिथौरागढ़ के विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए इन 63 वर्षों में जनपद में आये विभिन्न बदलावों, गतिविधियों आदि पर अपने विचार रखें। जिलाधिकारी रीना जोशी ने कहा कि उनकी प्रथम प्राथमिकता जनपद को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाना है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णतया रोक लगाने के साथ ही कूड़े के निस्तारण हेतु अभियान भी चलाया जा रहा है। इस हेतु उन्होंने उपस्थित समस्त सदस्यों से अपील की कि वे भी जनपद को कूड़ा मुक्त एवं स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग दे जिससे कि शहर आने वाले वर्षों में स्वच्छ एवं सुन्दर हो। उन्होंने कहा कि जल्द ही जनपद को बेस चिकित्सालय का लाभ



मिलेगा। इस हेतु चिकित्सा उपकरण, चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु व्यवस्था की जा रही है व फरवरी अंत तक बेस चिकित्सालय का संचालन भी कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद के संचारविहिन इलाकों को कनैक्टिविटी से जोड़ा जायेगा। इस हेतु बीएसएनएल द्वारा 63 टावर लगाये जायेंगे व प्रत्येक ग्राम को पेयजल उपलब्ध कराना भी जल जीवन मिशन के तहत सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास हेतु अन्य जो भी विकासपरक योजनाए संचालित है उनमें त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें मूर्त रूप देकर धरातल पर उतारा जायेगा। इस अवसर पर जनसरोकर संघर्ष मंच पिथौरागढ़ के सदस्य, सीनियर सिटीजन सोसाइटी के सदस्य, भूतपर्व सैनिक संगठनों के सदस्य, शमशेर महर समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विपलव भट्ट द्वारा किया गया।

# सीओ ने देखी फायर स्टेशन की व्यवस्था

कपकोट(उद संवाददाता)। पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने शुक्रवार को फायर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्था देखी। एमटी कार्यालय व गैराज का निरीक्षण कर फायर सर्विस के वाहनों, स्टोर में रखे उपकरणों, आपदा उपकरणों को देखा। उनके प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई,




जिसमें समस्त वाहन व उपकरण कार्यशील दशा में पाए गए।कर्मचारी बैरिक, मैस, स्टोर तथा ड्यूटी रूम को चौक किया गया तो बैरिक की सफाई ठीक मिली। उन्होंने सभी कर्मचारियों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ्य रहने के लिए योग, पीटी, पौष्टिक आहार लेने का सुझाव दिया। आगामी फायर सीजन के मद्देनजर किसी भी प्रकार की घटना, आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए।

# सफाई व्यवस्था के साथ पॉलिथीन के विरुद्ध करें कार्य

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद में फैल रहे पीलिया और टाइफाइड की संक्रमणता को देखते हुए नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर जिला अधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका राजदेव जायसी को निर्देश दिए कि नगर में खुले में फेंक रहे कूड़े पर नियंत्रण लगाने का कार्य किया जाए। सूखे और गीले कूड़े का अलग-अलग निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सभी वार्ड मेंबर्स से वार्ता करें ताकि वह अपने-अपने वार्डो की जनता को सूखा और गीला कूड़ा



अलग-अलग करके निस्तारित करने के लिए जागरूक करें। यू होने कहा कूड़े को खुले में इधर-उधर न फेंके नगर को साफ सुथरा बनाने के लिए सभी नगर वासियों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना होगा। नगर पालिका अधिकारी वार्ड में जा कर स्वच्छता सर्वे करें और स्वच्छता समितियों के कर्मचारियों से वार्ता कर कूड़ा उठाने का समय को बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने ईओ को निर्देशित किया कि नगर में पॉलिथीन के इस्तेमाल को प्रतिबंधित किया जाए और इस्तेमाल करने वालों का दंड स्वरूप चालान भी किया जाए। इसके साथ ही मांस खुले में बेचने वाले विक्रेताओं पर भी चालान की कार्यवाही की जाए। खुले में बिक खाद्य पदार्थों की जांच करें और दूषित होने पर खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने का कार्य करें।बैठक में सीडीओ वरुण चौधरी, अपर जिला अधिकारी फिंचाराम चौहान, एसडीएम सदर अनुराग आर्य, एनबी पांडे आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# इंस्टाग्राम में आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने पर रपट दर्ज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अपने इंस्टाग्राम पेज पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़ी वीडियो अपलोड करना नगर की एक युवती को भारी पड़ गया एसएसपी के आदेश पर युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती हीरानगर क्षेत्र की रहने वाली हैं। जानकारी के अनुसार एक युवती ने 3 अप्रैल को शाम लगभग चार बजे अपने इंस्टाग्राम पेज पर 47 सैकेंड का वीडियो अपलोड किया। जिसमें एक महिला नाबालिग बालक के साथ अंतरंग स्थिति में दिखाई पड़ रही है। मामला एसटीएफ तक पहुंचा और छानबीन शुरू हुई तो पता चला कि यह्व वीडियो हीरानगर क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने पोस्ट किया है। एसटीएफ ने समस्त सबूत व अन्य जानकारियां कोतवाली पुलिस को भेजते हुए युवती के खिलाफ चाइल्ड पोर्नोग्राफी का केस दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने इस मामले में आईटी एक्ट की धारा 67 बी के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# गौलापार स्टेडियम के पास शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गौलापार स्थित अंतराष्ट्रीय स्टेडियम के नजदीक जंगल में काठगोदाम पुलिस ने एक व्यक्ति का सड़ी गली हालत में शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। शव पाए जाने की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार गत सायं गौलापार स्थित अंतराष्ट्रीय स्टेडियम के पास कुछ दूरी पर जंगल में गुजरते लोगों ने सड़ी गली हालत में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। शव पाए जाने की खबर लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना मिलते ही काठगोदाम थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर वहां खड़े लोगों से इसके संबंध मे आवश्यक जानकारी ली। मौके का निरीक्षण करने पर शव के पास पुलिस को एक कीटनाशक की खाली बोतल भी बरामद हुई। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक ने विषपान करके आत्महत्या की होगी। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले कुछ भी कहने से बच रही है। पुलिस ने मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया।

# दीनदयाल मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के लिए मांगे आवेदन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त प्राप्त सूचना के क्रम में उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 20022-23 में दीनदयाल मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के अन्तर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को गंगोत्री धाम, बद्रीनाथ धाम, नानकमत्ता एवं रीठा-साहिब के अतिरिक्त कलियर (हरिद्वार), ताड़केश्वर (पौड़ी), कालीमठ (रूद्रप्रयाग), जागेश्वर (अल्मोड़ा), गैराड़ गोलू (अल्मोड़ा), बैजनाथ (बागेश्वर), गंगोलीहाट (पिथौरागढ़), महासू देवता हनोल (देहरादून), कालिका (पौड़ी) ज्वाल्पा (पौड़ी) आदि धर्मिक स्थलों की निःशुल्क यात्रायें करायी जानी है। उन्होंने बताया कि इच्छुक वरिष्ठ नागरिक जो इन्कम टैक्स पेयर न हो. अपने मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र सहित दिनांक 05 मार्च 2023 तक जिला पर्यटन विकास अधिकारी कार्यालय अल्मोड़ा में पंजीकरण करा सकते है। उन्होंने बताया कि कार्यालय में पंजीकरण की कार्यवाही प्रारम्भ हो चुकी है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### अमर्यादित आचरण

यह पहली बार नहीं है, जब किसी राजनेता के अभद्र, उत्तेजक और जानबूझ कर मानहानि करने वाले बयान पर अदालत ने फटकार लगाई या संयम बरतने की नसीहत दी। पवन खेड़ा की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आप लोगों को संयम बरतना चाहिए। मगर राजनीति में पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप कोई गलत बात नहीं, बशर्ते वह मर्यादा के भीतर हो। मगर हमारे राजनीतिक दल और राजनेता शायद इस तकाजे को भुलाते जा रहे हैं या फिर राजनीति का स्तर ही सिद्धांतों और मुद्दों से खिसक कर व्यक्तिगत छींटाकशी पर उतर आया है। इसके अनेक उदाहरण राजनीतिक दलों और सत्ता के शीर्ष तक मौजूद हैं। इसका ताजा उदाहरण कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के बयान में दिखा, जब उन्होंने प्रधानमंत्री के निजी जीवन पर हमला बोला। स्वाभाविक ही उसे लेकर भारतीय जनता पार्टी में रोष पैदा हुआ। उनके खिलाफ कई जगह मुकदमे दर्ज कराए गए। उसी क्रम में असम की पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने दिल्ली पहुंच गई। मगर उसने गिरफ्तारी का जो तरीका अपनाया और जो समय चुना, वह किसी को भी उचित नहीं लगा। खेड़ा पार्टी के अधिवेशन में हिस्सा लेने रायपुर जा रहे थे। हवाई जहाज में बैठ चुके थे। तब उन्हें जहाज से उतार कर गिरफ्तार किया गया। इसे लेकर खासा हंगामा हुआ और आखिरकार उस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने दखल दिया, तब वह शांत हो सका। उचित ही इसे लेकर सरकार के रवैए पर भी सवाल उठे। इसलिए कि यह ऐसा मामला नहीं था, जिसमें गिरफ्तारी के लिए ऐसी हड़बड़ी दिखाई जाए। यह पहली बार नहीं है, जब किसी राजनेता के अभद्र, उत्तेजक और जानबूझ कर मानहानि करने वाले बयान पर अदालत ने फटकार लगाई या संयम बरतने की नसीहत दी। पवन खेड़ा की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आप लोगों को संयम बरतना चाहिए। मगर यह बात कांग्रेस को कितनी समझ आई, कहना मुश्किल है। खेड़ा को रिहाई मिलते ही कांग्रेस के नेताओं ने अपनी सफाई में तमाम वे बयान साझा करने शुरू कर दिए, जो प्रधानमंत्री ने विभिन्न मौकों पर दिए थे। इस तरह गड़े मुर्दे उखाड़ कर एक तरह से अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को उकसाया जाने लगा। इससे लगता नहीं कि दोनों पार्टियों के नेता आने वाले वक्त में भी ऐसी अशोभन टिप्पणियों से बाज आने वाले हैं। सार्वजनिक जीवन में राजनेताओं का आचरण नीचे के कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय बन जाता है, इसलिए अगर कोई दल या नेता किसी गलत परंपरा या आचरण को उचित ठहराने पर तुल जाता है, तो उसका असर पूरे समाज पर दिखाई देने लगता है। मगर शायद राजनीतिक दलों को इसकी परवाह नहीं, उन्होंने मान लिया है कि सड़कछाप भाषा से जनाधार मजबूत होता है। बड़प्पन इस बात में नहीं कि कोई छींटाकशी करे, तो आप भी उसका जवाब उसी लहजे में दें। असम पुलिस ने जिस तरह पवन खेड़ा को गिरफ्तार किया, उस पर भी सवाल उचित हैं। उसकी तत्परता से स्पष्ट हो गया कि उसकी कार्रवाई सत्ता प्रेरित है। अगर इस तरह उन्हें गिरफ्तार न किया जाता, तो शायद बहुत सारे लोगों का ध्यान उनके उस बयान की तरफ जाता भी नहीं। पर अब जो नहीं जानते थे, उन्हें भी पता लग गया। अगर किसी ने जुर्म किया है, तो उसके खिलाफ निस्संदेह कार्रवाई होनी चाहिए। मगर अपराध की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की जाती है। ऐसा नहीं हो सकता कि पुलिस खुद नियम-कायदों को ताक पर रख कर कार्रवाई करे। अगर असम सरकार इस मामले में थोड़ा संयम बरतती, तो उससे उसका बड़प्पन ही जाहिर होता। इस तरह मर्यादाएं अब एक तरफ से नहीं, दोनों तरफ से टूटती नजर आती हैं। अफसोस कि जिन लोगों से आदर्श आचरण की अपेक्षा की जाती है, वही अमर्यादित आचरण करते देखे जाते हैं।

# उत्तराखंड में विद्युत उत्पादन गिरा, बिजली मिलनी बंद

## प्रदेशवासियों को भारी बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है

देहरादून। मौसम की बेरुखी आने वाले दिनों में ऊर्जा प्रदेश पर भारी पड़ सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार लगातार चढ़ रहे तापमान के साथ प्रदेश में बिजली की खपत भी बढ़ने लगी है। जबकि, मांग के सापेक्ष विद्युत उपलब्धता नहीं है। एक ओर जहां पंजाब और दिल्ली से बैंक की बिजली मिलनी बंद हो गई है। वहीं, केंद्र सरकार से भी अतिरिक्त बिजली मिलने को लेकर संशय बना हुआ है। पिछले वर्ष की ही तरह इस बार भी गर्मियों में बिजली की खपत रिकार्ड स्तर पर पहुंचने की आशंका है। ऐसे में मार्च से ही प्रदेश में ऊर्जा संकट गहरा सकता है। देशभर के साथ ही उत्तराखंड में विद्युत उत्पादन गिरा हुआ है। साथ ही गैस और कोयला प्लांट में भी सामान्य से कम उत्पादन हो रहा है। जिससे ज्यादातर राज्यों में बिजली का संकट बना हुआ है। हालांकि उत्तराखंड में कुछ समय से स्थिति सामान्य है, लेकिन वर्षा-बर्फबारी न होने के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। फरवरी मध्य से ही ज्यादातर क्षेत्रों में गर्मी महसूस की जा रही है। मांग और उपलब्धता के बीच बढ़ते अंतर के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कटौती भी शुरू हो गई है। दिल्ली और पंजाब से उत्तराखंड को रिवर्स बैंकिंग के माध्यम से मिल रही करीब 250 मेगावाट बिजली भी अब उपलब्ध नहीं है। दोनों ही राज्यों ने अपने उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए उत्तराखंड को बिजली देनी बंद कर दी है। वहीं, केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पूल से प्रदेश को मिल रही 300 मेगावाट अतिरिक्त बिजली भी आगामी 28 फरवरी के बाद से नहीं मिलेगी। ऐसे में मार्च से ही प्रदेश भीषण बिजली संकट पैदा होने की आशंका है। यदि ऊर्जा निगम केंद्र व बाजार से पर्याप्त बिजली की व्यवस्था करने में नाकाम रहता है तो प्रदेशवासियों को भारी बिजली कटौती का सामना करना पड़ सकता है।केंद्रीय ऊर्जा सचिव घनश्याम के साथ ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से वार्ता की। ऊर्जा निगम ने केंद्र से मिल रही 300 मेगावाट अतिरिक्त बिजली को 28 फरवरी के बाद भी जारी रखने की मांग की। जिस पर केंद्रीय ऊर्जा सचिव ने इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि देश में अन्य राज्यों में भी बिजली का संकट है। ऐसे में कई राज्यों ने केंद्र से अतिरिक्त बिजली के लिए गुहार लगाई है। सभी समीकरणों को जांचने के बाद उत्तराखंड को अतिरिक्त बिजली देने पर निर्णय लिया जाएगा।उत्तराखंड में पिछले वर्ष गर्मियों में बिजली खपत ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए थे। मई-जून में पहली बार प्रदेश में प्रतिदिन विद्युत खपत 50 मिलियन यूनिट के पार पहुंची थी। जो कि अब तक की सर्वाधिक मांग है। वहीं इस बार अभी से मौसम के तेवर देखते हुए भीषण गर्मी पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में गर्मियों में बिजली की मांग नया रिकार्ड स्थापित कर सकती है। मार्च 2022 में प्रदेश में कुल विद्युत मांग लगभग 1300 मिलियन यूनिट रही थी। जबकि, उपलब्धता 1150 मिलियन यूनिट के करीब थी। केंद्र से 300 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की गुहार लगाई गई है। यदि यह बिजली हमें नहीं मिलती है तो आने वाले दिनों में संकट पैदा हो सकता है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए बिजली की मांग रिकार्ड स्तर पर पहुंचने की आशंका है। बाजार में महंगी दरों पर उपलब्ध बिजली खरीद कर आपूर्ति सुचारू रखने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, मांग बढ़ने पर कटौती करनी पड़ सकती है।

# चारधाम और यात्रा पड़ावों पर ड्रोन से होगी निगरानी

## चार दिन में ही एक लाख के करीब पहुंचा श्रद्धालुओं के पंजीकरण का आंकड़ा

देहरादून। चारधाम यात्रा के लिए बदरीनाथ व केदारनाथ धाम के लिए शुरु हुई आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया में चौथे दिन ही यात्रियों का आंकड़ा एक लाख के करीब पहुंच गया है। बीते मंगलवार से बदरीनाथ व केदारनाथ धाम के लिए आनलाइन पंजीकरण शुरु किए गए। शुक्रवार शाम छह बजे तक 97 हजार यात्री आनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं। चारधाम यात्रा के लिए प्रशासन ने आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरु कर दी है। पहले चरण में बदरीनाथ व केदारनाथ धाम के लिए पंजीकरण मंगलवार से शुरु हुए हैं। मंगलवार को पहले दिन रिकार्ड 31382 यात्रियों ने पंजीकरण कराया था। आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरु होने के बाद से ही यात्री निरंतर पंजीकरण करवा रहे हैं। आनलाइन पंजीकरण के शुरुआती चार दिनों में दोनों धामों के लिए 97 हजार यात्रियों ने आनलाइन पंजीकरण कराया है। इसमें 53223 केदारनाथ व 43702 बदीनाथ धाम के लिए पंजीकरण हुए हैं। गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। गंगोत्री, यमुनोत्री व हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने की तिथि की घोषणा के बाद इन धामों के लिए भी आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरु की जाएगी। उत्तराखंड की आर्थिकी से जुड़ी महत्वपूर्ण चारधाम यात्रा 22 अप्रैल से प्रारंभ होनी है। यात्रा को लेकर जिस तरह का उत्साह दिख रहा है, उसे देखते हुए सरकार ने अभी से तैयारियों में जुट गई है, ताकि यह सुगम व सुरक्षित हो सके। इसी कड़ी में चारों धामों के साथ ही प्रमुख यात्रा पड़ावों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी करने की तैयारी है। भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत इस विषय को लेकर उच्च स्तर पर गंभीरता से मंथन चल रहा है। जल्द ही इस सिलसिले में अंतरविभागीय बैठक प्रस्तावित है, जिसमें ड्रोन से निगरानी की रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। चारधाम यात्रा में इस बार पिछली बार की अपेक्षा अधिक तीर्थ यात्रियों के पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। चारधाम यात्रा के शुरू किए गए पंजीकरण से भी यह संकेत मिल रहे हैं। चार दिन में ही बदरीनाथ व केदारनाथ धामों के लिए 97 हजार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। गंगोत्री व यमुनोत्री धामों के लिए अभी पंजीकरण प्रारंभ नहीं हुए हैं। यही नहीं, गढ़वाल मंडल विकास निगम के पास ही चारधाम यात्रा मार्ग से जुड़े गेस्ट हाउस व हट आदि के लिए अब तक ढाई करोड़ रुपये से ज्यादा की बुकिंग आ चुकी है। इस सबको देखते हुए यही अंदाजा लगाया रहा है कि यात्रा इस बार भी नए प्रतिमान गढ़ेगी। इस सबके के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। इस कड़ी में चारों धामों के साथ ही इनके सभी प्रमुख पड़ावों पर ड्रोन पर लगे कैमरों के माध्यम से निगरानी को लेकर उच्च स्तर पर गहनता से मंथन चल रहा है। सूत्रों के अनुसार ड्रोन के उपयोग के मद्देनजर आइटीडीए, एनआइसी जैसी संस्थाओं से शीघ्र ही बातचीत होगी। फिर इसका खाका खींचकर पर्यटन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस समेत अन्य विभागों की बैठक होगी। सूत्रों ने बताया कि ड्रोन से निगरानी होने पर धामों के साथ ही पड़ावों में यात्रियों की संख्या का अनुमान लग सकेगा। यदि किसी पड़ाव में यात्रियों की संख्या अधिक नजर आती है तो प्रबंधन के दृष्टिकोण से कदम उठाए जाएंगे।

# नई बर्फीली झीलों से संकट में आबादी

## नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट

तापमान बढ़ने के साथ पूरी दुनिया में ग्लेशियर यानी हिमखंड बहुत तेजी से पिघल रहे हैं। नतीजतन समूचे बर्फीली इलाकों में नवीन झीलों का निर्माण हो रहा है। इन झीलों के फटने की घटना घटती है तो इन ग्लेशियरों के पचास किलोमीटर के दायरे में रहने वाले दुनिया के 1.5 करोड़ लोगों के लिए यह संकट बहुत बड़ा खतरा बन सकता है। इन हिमखंडों में से आधे भारत, पाकिस्तान, चीन और पेरू में हैं। नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित यूके स्थित न्यूकासल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के इस अध्ययन में कहा है कि खतरे का सामना कर रही दुनिया की 50 प्रतिशत यानी 75 लाख की आबादी भारत समेत इन चार देशों में रहती है। भारत में तीस लाख और पाकिस्तान में 20 लाख लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं। इस रिपोर्ट में उत्तराखंड के चमोली में फरवरी 2021 में हुई घटना का भी हवाला दिया गया है। इसमें 80 लोगों की मौत हो गई थी। सबसे ज्यादा खतरा तिब्बत के पठार किर्गिस्तान से लेकर चीन तक है। इस इलाके में 93 लाख लोग रहते हैं। ध्रुवीय क्षेत्र के बाहर कुल ग्लेशियरों में से आधे पाकिस्तान में हैं। 2022 में गिलगिट-बाल्टिस्तान क्षेत्र में ग्लेशियर फटने की 16 घटनाएं घटित हुई हैं। हालांकि इस रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं है कि 2022 में पाकिस्तान में आई बाढ़ के लिए हिमखंड का पिघलना कितना जिम्मेदार है। न्यूजीलैंड के कैंटरबरी विवि के प्राध्यापक टॉम रॉबिनसन का कहना है कि ग्लेशियर झील का फटना जमीनी सुनामी की तरह है। इसका असर किसी बांध के फटने जैसा दिखाई देगा। सबसे बड़ा संकट यह है कि यह संकट बिना कोई पूर्व चेतावनी के कहर बरपा सकता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बर्फ के पिघलने से बनने वाली झीलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी अनुपात में इनके जलग्रहण क्षेत्रों में भी आबादी बढ़ती रही है। जानकारों का दावा है कि उतना खतरा झीलों के फटने से नहीं है, अलबत्ता इन झीलों के निकट जनसंख्या का दबाव बढ़ जाने के कारण है। गोया, झील फटती है तो झील के किनारे आबाद बस्ती के लोग संकट से घिर जाएंगे। ये झीलें ऐसे दुर्गम बर्फीले इलाकों में बन रही हैं, जहां आपदा बचाव दलों का पहुंचना भी कठिन होता है। 1089 झीलों की पड़ताल में पाया गया है कि पचास किलोमीटर के दायरे में 1.5 करोड़ लोग रहते हैं। पेरू में कॉर्डिलेरा ब्लांका इस संकट के लिए अत्यंत संवेदनशील स्थल है। 1941 से 2022 तक यहां 30 से ज्यादा बर्फीली झीलों के फटने से हादसे हुए हैं। इनमें 15000 से भी ज्यादा लोग मारे गए हैं। भारत के हिमालयी क्षेत्र में स्थित सतलुज नदी घाटी में हिमखंडों के पिघलने से ऐसी झीलों की संख्या बढ़ रही है, जो भविष्य में बाढ़ और तबाही का बढ़ा खतरा बन सकती है। इन बर्फीली वादियों में 273 नई झीलें बनी हैं। मान सरोवर से नाथपा.झाकड़ी तक कुल 1632 झीलें गिनी गई हैं। इनमें से 17 झीलें खतरे के निशान तक पहुंच गई हैं जिनमें से आठ चीन के कब्जे वाले तिब्बत क्षेत्र में हैं। इनका क्षेत्रफल पांच हेक्टेयर तक है। ये झीलें सतलुज के पानी को बढ़ाकर बड़ा नुकसान पहुंचा सकती हैं। अतएव ये झीलें हिमाचल समेत अन्य हिमालयी राज्यों के लिए खतरे की घंटी है। देश व प्रदेश के भू.विज्ञानी हिमालयी क्षेत्र की चार घाटियों चिनाब, ब्यास, रावी व सतलुज में हिमखंड पिघलने से बनी झीलों की निगरानी में लगे हैं। इनके अध्ययन से पता चला है कि सतलुज नदी घाटी में ग्लेशियरों के पिघलने से झीलों में पानी की मात्रा 4 से 5 प्रतिशत तक बढ़ गई है। भविष्य में और बढ़ने की आशंका है। बढ़ते तापमान के कारण हिमखंडों के पिघलने व टूटने से झीलों के आकार बड़े हो रहे हैं। इस बदलाव को जलवायु परिवर्तन का कारण माना जा रहा है। उपग्रह के माध्यम से किए जा रहे सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ है कि 2019-2020 में सतलुज घाटी में 1359 झीलें थीं, जिनकी संख्या 2021-22 में बढ़कर 1632 हो गई है।2005 में भू.स्खलन से पारछू झील टूट गई थी। नतीजतन सतलुज का जलस्तर बढ़ा और उसने हिमाचल.प्रदेश के किन्नौर व बिलासपुर जिलों में तबाही मचा दी थी। कुछ समय पहले गोमुख के विशाल हिमखण्ड का एक हिस्सा टूटकर भागीरथी, यानी गंगा नदी के उद्गम स्थल पर गिरा था। हिमालय के हिमखण्डों का इस तरह से पिघलना व टूटना प्रकृति के अशुभ संकेत हैं। गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान के वनाधिकारी ने इस हिमखण्ड के टुकड़ों के चित्रों से इसके टूटने की पुष्टि की थी। हालांकि इस तरह के जल प्रलय का संकेत 40 साल पहले उत्तराखंड अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के निदेशक एवं भूविज्ञानी एमपीएस बिष्ट और वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान एक शोध में दे चुके थे। इस शोध के मुताबिक ऋषि गंगा अधिग्रहण क्षेत्र के आठ से अधिक हिमखंड सामान्य से अधिक रफ्तार से पिघल रहे हैं। जाहिर है इनसे अधिक जल बहेगा तो हिमखंडों के टूटने की घटनाएं बढ़ना स्वाभाविक है, यही नहीं इन हिमखंडों से बहे पानी का दबाव अकेले ऋषि गंगा पर था। यही जल आगे जाकर धौलीगंगा, विष्णु गंगा, अलकनंदा और भागीरथी गंगा में प्रवाहित होता है। ये सब गंगा की सहायक नदियां हैं। इसीलिए यूनेस्को ने भी इस पूरे क्षेत्र को संरक्षित घोषित किया हुआ है। यहां 6500 मीटर ऊंची हिमालय की चोटियां हैं। इन खड़े शिखरों पर जो हिमखण्ड हजारों साल की प्राकृतिक प्रक्रिया के चलते बनने के बाद टूटते हैं तो अत्यंत घातक साबित होते हैं। 1970 से लेकर 2021 तक इस क्षेत्र में जो अध्ययन हुए हैं, उनसे पता चला है कि आठ हिमखंड बीते 40 साल में 26 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा पिघल चुके हैं। मसलन ये 26 किमी व्यास में सिकुड़ गए हैं। यह अध्ययन इसलिए विश्वसनीय है क्योंकि इसे उपग्रह चित्रों के साथ.साथ जमीनी सर्वेक्षण में भी सही पाया गया है। इन हिमखंडों का जो आकार 40 साल पहले था, उसमें से 10 प्रतिशत भाग अब तक पिघल चुका है,मसलन यह पिघला पानी नई झीलों का निर्माण कर रहा है। ग्लेशियर वैज्ञानिक इन घटना की पृष्ठभूमि में कम बर्फबारी होने के साथ ब रती का बढ़ा तापमान मानते हैं। सतलुज और नंदादेवी हिमखंडों के तेजी से पिघलने के पीछे भौगोलिक परिस्थितियां हैं। यहां का तापमान 0.5 डिग्री बढ़ चुका है और इस क्षेत्र में 30 प्रतिशत बारिश भी कम हो रही है। यदि कालांतर में धरती पर गर्मी इसी तरह बढ़ती रही और ग्लेशियर क्षरण होने के साथ टूटते भी रहे तो इनका असर समुद्र का जलस्तर बढ़ने और नदियों के अस्तित्व पर पड़ना तय है। उनका मानना था कि कम बर्फबारी होने और ज्यादा गर्मी पड़ने की वजह से हिमखण्डों में दरारें पड़ गई थीं, इनमें बरसाती पानी भर जाने से हिमखण्ड टूटने लग गए। उत्तराखण्ड के जंगलों में हर साल लगने वाली आग की आंच ने भी हिमखण्डों को कमजोर करने का काम किया है। आंच और धुएं से बर्फीली शिलाओं के ऊपर जमी कच्ची बर्फ तेजी से पिघलती चली गई। इस कारण दरारें भर नहीं पाईं। कार्बन यदि शिलाओं पर जमा रहता है तो भविष्य में नई बर्फ जमने की उम्मीद कम हो जाती है। इधर हाल ही में कश्मीर घाटी में बड़ी मात्रा में पीले रंग की बर्फ देखने में आई है। इसके पहले भी इस क्षेत्र में काली बर्फ और आली बारिश देखने में आई थी। बर्फ का यह रंग परिवर्तन क्यों हुआ, इसका स्पष्ट पता पर्यावरणविद् नहीं लगा पाए हैं। हो सकता है जलवायु परिवर्तन का कारण हो ? वैसे हिमखण्डों का टूटना कोई नई बात नहीं है, लेकिन इनका पिघलना नई बात है। शताब्दियों से प्राकृतिक रूप में हिमखण्ड पिघलकर नदियों की अविरल जलधारा बनते रहे हैं। एक शताब्दी पूर्व भी हिमखण्ड पिघलते थे, लेकिन बर्फ गिरने के बाद इनका दायरा निरंतर बढ़ता रहता था। इसीलिए गंगा और यमुना जैसी नदियों का प्रवाह बना रहा। किंतु 1950 के दशक से ही इनका दायरा तीन से चार मीटर प्रति वर्ष घटना शुरू हो गया था। 1990 के बाद यह गति और तेज हो गई इसके बाद से गंगोत्री के हिमखण्ड प्रत्येक वर्ष 5 से 20 मीटर की गति से पिघल रहे हैं। भारतीय हिमालय में कुल 9975 हिमखण्ड हैं। इनमें 900 उत्तराखण्ड के क्षेत्र में आते हैं। इन हिमखण्डों से ही ज्यादातर नदियां निकली हैं, जो देश की 40 प्रतिशत आबादी को पेय, सिंचाई व आजीविका के अनेक संसाधन उपलब्ध कराती हैं। किंतु हिमखण्डों के पिघलने और टूटने का यही सिलसिला बना रहा तो देश के पास ऐसा कोई उपाय नहीं है कि वह इन नदियों से जीवन.यापन कर रही 50 करोड़ आबादी को रोजगार व आजीविका के वैकल्पिक संसाधन दे सके ?

-प्रमोद भार्गव




# आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने के लिये एसआइटी ने हाईकोर्ट को भेजा जवाब

देहरादून। वनंतरा रिजार्ट में कार्यरत अंकिता भंडारी हत्याकांड प्रकरण में शामिल आरोपितों का नार्को टेस्ट कराने को लेकर एसआइटी ने उच्च न्यायालय में जवाब दाखिल कर दिया है। कोर्ट की ओर से अगली सुनवाई पांच मई तक टाल दी है। उच्च न्यायालय ने पुलकित आर्य की याचिका पर नार्को और पालीग्राफ टेस्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी, लेकिन पुलिस अब बिना सहमति के ही आरोपियों का नार्को टेस्ट कराना चाहती है। ऐसे में उच्च व सर्वोच्च न्यायालय के खास मामलों को नजीर बनाते हुए पुलिस ने जवाब दाखिल किया है। एसआइटी ने दिसंबर 2022 को वीआईपी का नाम जानने और मोबाइल बरामदगी को लेकर आरोपितों का पालीग्राफ टेस्ट कराने को न्यायालय में अर्जी दी थी। शुरूआत में पुलकित आर्य और सौरभ ने तो अपनी सहमति दे दी लेकिन, अंकित ने इनकार कर दिया था। इस पर बाद में फिर से मामला बदला और आरोपियों ने वकील से सलाह लेकर जवाब दाखिल करने को कहा। जनवरी में जब सुनवाई हुई तो केवल पुलकित ने ही अपनी सहमति नार्को और पालीग्राफ के लिए दी। इस पर न्यायालय ने पुलकित का नार्को टेस्ट कराने की इजाजत दे दी। पुलिस ने सेंट्रल फोरेंसिक लैब से टेस्ट के लिए समय भी ले लिया। पुलकित का फरवरी में नार्को टेस्ट कराया जाना था, इसी बीच पुलकित की ओर से हाईकोर्ट में अपील कर दी गई। हाईकोर्ट ने नार्को पर रोक लगा दी। अब पुलिस बिना सहमति के ही आरोपियों का नार्को टेस्ट कराना चाहती है। ऐसे में आतंकी कसाब, श्रद्धा हत्याकांड को नजीर बनाकर हाईकोर्ट में जवाब दाखिल किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था डा. वी मुरुगेशन ने बताया कि इस मामले में अब हाईकोर्ट में पांच मई को सुनवाई होनी है।

# ट्रिब्यूनल कोर्ट ने राजीव भरतरी की पद पर बहाली के दिये आदेश

देहरादून। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) इलाहाबाद की नैनीताल स्थित सर्किट बेंच ने प्रमुख वन संरक्षक राजीव भरतरी को पद से हटाने और उनके स्थान पर विनोद कुमार सिंघल को नियुक्त किए जाने के मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने भरतरी का तबादला करने के आदेश पर रोक लगाते हुए सरकार को उन्हें तत्काल प्रभाव से उसी पद पर बहाल करने के आदेश दिए हैं। पूर्व में उत्तराखंड हाईकोर्ट नैनीताल की खंडपीठ ने राजीव भरतरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनसे कहा था कि वह अपने तबादला आदेश को कैट इलाहाबाद में चुनौती दें और कैट को निर्देश दिए थे कि वह इस मामले की शीघ्र सुनवाई करे। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि इस दौरान नवनियुक्त विभागाध्यक्ष कोई बड़ा निर्णय न लें। न्यायमूर्ति ओम प्रकाश की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार आईएफएस अधिकारी राजीव भरतरी ने याचिका दायर कर कहा था कि वह भारतीय वन सेवा के राज्य के सबसे वरिष्ठ अधिकारी हैं लेकिन सरकार ने 25 नवंबर 2021 को उनका स्थानांतरण प्रमुख वन संरक्षक पद से जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष पद पर कर दिया था जिसे उन्होंने संविधान के खिलाफ माना। इस संबंध में उन्होंने सरकार को चार प्रत्यावेदन दिए लेकिन सरकार ने इन प्रत्यावेदनों पर कोई सुनवाई नहीं की। राजीव भरतरी ने कहा कि उनका स्थानांतरण राजनीतिक कारणों से किया गया है जिसमें उनके सांविधानिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है। आरोप है कि तत्कालीन वन मंत्री एक अधिकारी के समर्थन में राजीव भरतरी को पीसीसीएफ पद व कार्बेट पार्क में हो रहे निर्माण कार्यों की जांच से हटाना चाहते थे।

## पेज एक का शेष...

**युवक ने फासी लगाकर...**रह रहा था। बीती शाम उसने संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो उमर अली का शव फंदे से लटका हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर परिजन भी यहां आ गये। पुलिस ने कमरे से सुसाईड नोट भी बरामद किया है। जिसमें एक युवती का फोटो लगा हुआ है साथ ही मोबाइल नम्बर भी लिखा है। युवती रामपुर क्षेत्र की बतायी जा रही है फिलहाल वह भी रूद्रपुर में ही रह रही है। मृतक ने सुसाईड नोट में अपनी मौत के लिए युवती को जिम्मेवार ठहराया है। परिजनों ने भी युवती पर उमर अली की हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि कल दिन में भी उक्त युवती उमर अली के साथ उसके कमरे में थी। फिलहाल पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मोर्चरी में एसआई पूरन सिंह, एसआई धीरेन्द्र पंत, एसआई महिला नेहा ध्यानी, कुंदन सिंह भंडाारी, जगमोहन गौड़ के अलावा थाना केलाखेड़ा से एसआई एमएस बोहरा समेत अन्य पुलिस कर्मी तैनात रहे।

**बोरे में शव मिलने...**लेबर के साथ खेत में खंभे गाड़े थे तथा शाम तक खेत में कुछ भी नही था जब प्रात: वह अपने खेत में गया तो टमाटर के पेड़ टूटे थे उसे लगा की कुत्तों ने फसल खराब की होगी और वह खाद डालने लगा। इसी दौरान उसकी नजर पास के गेहूं के खेत पर गई जहां एक बंद प्लास्टिक के बोरे पर जिसमे से एक पैर बाहर निकल रहा था।उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। कयास लगाए जा रहे है कि हत्या कर शव यहां लाया गया है।भारी होने के कारण हत्यारे उठा नही पाए और घसीट कर खेत में फेंक गए।

**महिला का पर्स ...**एक ग्राहक सौदा लेने के लिये उसके ठेले के पास खड़ा था। इसी दौरान स्कूटी सवार दो युवकों ने ठेली पर रखा सोनपति का पर्स उठा लिया और भाग गये। सोनपनति का कहना था कि पर्स में आवश्यक कागजात व 600 रूपये थे। पुलिस ने मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए आज प्रात: गंगापुर रोड़ पर मुखबिर की सूचना पर घटना में शामिल दोनों युवकों को स्कूटी संख्या यूके 06 एटी 0687 सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता सजन सरकार पुत्र संजीव सरकार निवासी जगतपुरा व सूरज भक्त पुत्र समीर भक्त निवासी जगतपुरा बताया। पुलिस ने उनके पास से महिला का लूटा गया पर्स भी बरामद कर लिया।

**भाजपा सरकार से ...**अत्याधुनिक हथियारों से लैस है। पहले भारत विदेशों से हथियार खरीदता था आज विदेशों को हथियार बेचने की स्थिति में है। श्री जोशी ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों से आज हर वर्ग संतुष्ट है। मुस्लिम समाज भी आज मोदी सरकार की प्रशंसा कर रहा है। श्री जोशी ने कहा कि 2024 में मोदी पहले से अधिक बहुमत से सरकार में आयेंगे।

**घर से बुलाकर...**पीठ पर लोहे की रोड से बहुत पिटाई की। हमलावरों ने पुलिस मे सूचना करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुलों की वित्तीय,भौतिक प्रगति प्रस्तुत करें नोडल अधिकारी

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने पीएमजीएसवाइ की सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। ताकि जनता को सड़कों का समय से लाभ मिल सके। वित्त वर्ष में समय रहते सभी सड़को का समय से गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण हो इसके लिए सभी अधिकारी कमर कस लें, साथ ही कार्यों को गुणवत्ता से पूर्ण करने के लिए समय समय पर विभागाध्यक्ष कार्यों की गुणवत्ता का निरीक्षण करें, नोडल अधिकारी सभी सड़कों, पुलों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति सूचनाओं का संकलन जीपीएस फोटो, गूगल अर्थ लोकेशन के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।शुक्रवार को जिला कार्यालय में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाइ के सभी खंडों के साथ ही वैपकास के अधिकारियों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए।डीएम ने सभी निर्माणाधीन सड़को की कार्य प्रगति की समीक्षा ली, कहा कि सडक की



गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सडक एवं पुल कार्यो की थर्ड पार्टी से जांच भी कराई जाएगी। कार्यो में प्रगति लाने का यही सही समय है,अभियंता अपने-अपने कार्यदायी संस्थाओं को मशीनों और श्रमिकों को बढाएं।अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता क्षेत्र में जाकर कार्यो का मौके मुआयना करें।जिले में 51 कार्य प्रगति पर हैं।जिसमें 17 सड़क कार्य पूर्ण हो चुके हैं।16 सड़क कार्य मार्च में, जबकि छह कार्य जून में पूरे होंगे।स्टेज थर्ड के नौ कार्य यूआरआरडीए स्तर पर हैं। कपकोट पिंडारी ग्लेशियर मोटर मार्ग पर किमी 11 से काफलीकमेड़ा मोटर मार्ग के किमी सात में 24 मीटर स्पान पुल, बडेघ्त मोटर मार्ग के किमी आठ में 24 मीटर स्पान पुल का अनुबंध निरस्त करने को पत्र लिखा है। खड़लेख-भनार मोटर मार्ग के किमी एक से नैकाना बसौरा मोटर मार्ग का निविदा आमंत्रण विवाद के कारण न्यायालय में लंबित है। बैठक में अधिशासी अभियंता पीएमजीएस वाइ विजय कृष्ण, कपकोट केएस लसपाल, सहायक अभियंता नरेश चंद्र, विशन लाल आदि उपस्थित थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# यहां कोई किसी का शिष्य नहीं, पद व पैसा मेरे लिए अहम नहीं

## प्रधानमंत्री ने मेरे आग्रह को स्वीकारा और अब आपके बीच में हूं : भगत सिंह कोश्यारी

देहरादून(उद ब्यूरो)। महाराष्ट्र की सियासत में मचे सियासी घमासान के बीच के राज्यपाल के दायित्व से मुक्त होने के बाद उत्तराखंड पहुंचे भगत सिंह कोश्यारी शुक्रवार को प्रेसक्लब देहरादून में प्रेस से मिलिये कार्यक्रम में मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान पूर्व राज्यपाल ने बेबाक होकर मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने दोहराया कि अब वह सक्रिय राजनीति से दूर रहेंगे, लेकिन राज्य की बेहतरी और चहुंमुखी विकास के लिए कार्य करने वालों का साथ देंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उनका शिष्य होने और सरकार के कामकाज के आंकलन से संबंधित प्रश्न पर कोश्यारी ने कहा कि यहां कोई किसी का शिष्य नहीं है। धामी अच्छा कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह बात कही है। मुझे भी लगता है कि वह पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। जनता के सुझावों को सुनकर काम कर रहे है। यदि अवसर मिलता है तो क्या किसी अन्य दल के सहयोग से मुख्यमंत्री बनेंगे, इस प्रश्न पर कोश्यारी बोले, आप समझदार लोग हैं। मुख्यमंत्री का ऑफर आएगा ही नहीं। विस्फोट की कोई संभावना नहीं है। कोश्यारी ने कहा कि उनका कार्य समाधान और सृजन का है, विस्फोट का नहीं। यह उनका स्वभाव नहीं है। ऐसे में किसी विस्फोट की संभावना नहीं है। कोश्यारी ने उत्तराचंल प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में अपने अब तक के सियासी सफर पर चर्चा की। साथ ही पत्रकारों के प्रश्नों के जवाब भी अपने अंदाज में दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा में आना उनके लिए संयोग था। तब भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें कहा कि वे पार्टी में आएंगे तो उत्तराखंड आंदोलन को सही दिशा मिलेगी। राजनीति और भाजपा में आने का सुखद अनुभव यह रहा कि उत्तराखंड राज्य की मांग पूरी हुई। बहुत इच्छा न होते हुए भी राज्य गठन के बाद मंत्री बने और दो-चार दिन के लिए मुख्यमंत्री भी। पद ने मेरा पीछा नहीं छोड़ा कोश्यारी ने कहा कि पद का लोभ न होते हुए पद ने उनका पीछा नहीं छोड़ा। वे राज्यसभा और फिर लोकसभा गए। वर्ष 2016 में उन्होंने घोषणा की कि वे वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। बाद में मीडिया में उनका नाम ऐसे उछला कि उन्हें राज्यपाल बनना है। जनता की इच्छा व प्रेम को देखते हुए प्रधानमंत्री ने उन्हें महाराष्ट्र के राज्यपाल पद दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। कोश्यारी ने कहा, महाराष्ट्र का राज्यपाल रहते हुए जनता से भरपूर प्यार मिला। मैं भी कोरोनाकाल में पैदल घूम-घूमकर जनता के बीच गया। कुछ समय पहले मैंने प्रधानमंत्री से कहा कि घूमते-घूमते थक गया हूं। यदि 24 घंटे में 16 घंटे भी कार्य न कर सकूं तो ठीक नहीं है। ऐसे में मुझे पद से मुक्ति दे दीजिए। प्रधानमंत्री ने मेरे आग्रह को स्वीकारा और अब आपके बीच में हूं। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि उत्तराखंड कृषि, डेरी, पशुपालन समेत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बने। यहां खुशहाली हो और समृद्धि आए। इस दिशा में कार्य करने की उनकी इच्छा है। हम सब मिलकर उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाएंगे। जीवन का जो भी समय बचा है, इसके लिए कैसे समन्वय करके आगे बढ़ा जाए, इस पर कार्य करेंगे। महाराष्ट्र के राज्यपाल के कार्यकाल के दौरान विवाद के संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा कि व्यक्ति को सीधे रास्ते के साथ ही टेढ़े-मेढ़े रास्ते पर चलने का अभ्यस्त भी होना चाहिए। वह हर रास्ते पर चलने के अभ्यस्त हैं। दुराचार, व्यभिचार जैसे रास्ते पर वह नहीं चलते। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में रहकर ऐसा लगता ही नहीं था कि वह उत्तराखंड से बाहर हैं। कोश्यारी ने कहा कि उनसे अगर कहीं गलती होगी तो वह छोटे बच्चे से भी माफी मांगते हैं। महाराष्ट्र में एक बयान पर आपत्ति आई तो तुरंत क्षमा मांगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके द्वारा छत्रपति शिवाजी और सावित्री बाई फुले के बारे में कभी कोई टिप्पणी नहीं की गई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को संत बताने संबंधी बयान के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि वह ठाकरे को संत ही मानते हैं। यदि वे सीधे-सज्जन नहीं होते तो क्या सरकार टूट जाती। कभी-कभी लोग संत का अर्थ उल्टा लगा लेते हैं। एक अन्य प्रश्न पर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण आधी रात को नहीं, सुबह आठ बजे हुआ था।



### उत्तराखंड में आते रहते हैं कई भूचाल लेकिन एक घंटे का मौन नहीं रखूंगा

देहरादून। पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि उनके दो साल पहले राज्यपाल का पद छोड़ देने का संदेश यही है कि उनके लिए पद व पैसा अहम नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में ज्यादा पूर्व मुख्यमंत्री होना मायने नहीं रखता। विषय राज्य के चहुंमुखी विकास का है। उन्होंने कहा कि अब राज्य की बेहतरी के लिए जो भी काम करेगा, उसमें वह सहयोग देंगे। उत्तराखंड किसी एक पार्टी, व्यक्ति व परिवार का नहीं है, इसे समृद्ध बनाने को सब मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कई भूचाल आते रहते हैं। राजनीति में किसी भूचाल की संभावना नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह शक्ति केंद्र बनेंगे, इस पर कोश्यारी ने कहा कि वह महाराष्ट्र के राज्यपाल का पद छोड़कर आए हैं। यहां क्यों पावर सेंटर बनेंगे। एक घंटे का मौन नहीं रखूंगा पूछे जाने पर कोश्यारी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत को लेकर चुटकी भी ली। बोले हरदा राज्यहित में जो भी अच्छा कार्य करेंगे, इसमें उनका साथ देंगे, लेकिन एक घंटे का मौन नहीं रखूंगा।

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय में दिया धरना

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जनपद के पगना व बेहरगांव में गोलज्यू गंगनाथ सोपस्टोन को खनन पट्टा दिए जाने के प्रयास का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा सांसद अजय टम्टा के खिलाफ भी नारेबाजी की।ग्रामीणों ने खड़िया खान का सीमांकन में मनमानी करने का आरोप लगाया, इस दौरान जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि यदि ग्रामीणों की बात नहीं सुनी तो ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। पगना व बेहरगांव के ग्रामीण शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा उन्होंने प्रदर्शन किया। इस दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि बेहरगांव के ग्रामीण पगना में भी नाप भूमि के हकदार हैं तथा गोलज्यू गंगनाथ मिनरल्स द्वारा पगना में खनन के लिए भूमि का सर्वे करवाने के लिए आवेदन किया है। कहा कि पूर्व में राहुल टम्टा द्वारा ग्रामीणों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया तथा स्वयं को यहां का निवासी बताते हुए अनापत्ति ली, परंतु बाद में इसमें संजय टम्टा को पार्टनर बना लिया जो ग्रामीणों के साथ धोखा है। कहा कि ग्रामीणों का मुख्य व्यवसाय कृषि है तथा इस भूमि में उनके सिंचाई नहर, रास्ते, पनघट व मंदिर हैं खनन होने से ग्रामीणों के समक्ष पैदावार होने का संकट उत्पन्न होगा। कहा कि जिस भूमि में खड़िया खनन के लिए आवेदन किया है वहां पर आवासीय मकान हैं तथा इससे इन मकानों को खतरा होने की संभावना है। ग्रामीणों ने खान मालिक को मिले आशय पत्र को निरस्त किए जाने की मांग की है। इस दौरान सांसद के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। इस दौरान एडीएम सीएस इमलाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ग्रामीणों का अहित नहीं होने दिया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना स्थगित किया। प्रदर्शन करने वालों में सज्जन लाल टम्टा, दयानंद, महेश टम्टा, मोहन राम, राजंती देवी, पूरन लाल, दीपा देवी, राजू टम्टा, पवन राम, आशा देवी, प्यारे लाल, मुन्नी देवी आदि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। वही पहले गांव के दूसरे पक्ष द्वारा खनन का विरोध किया था,वही पूर्व में उनके द्वारा विरोध किया गया था, पर ग्राम प्रधान सहित दूसरे पक्ष के लोग अब पट्टाधारक के पक्ष में आए हैं, वही अब पहले दूसरे गुट का विरोध फिर पक्ष में आना उसके बाद फिर दूसरे पक्ष के विरोध में आने से ग्रामीणों का शिष्ट मण्डल जिला मुख्यालय में धरना देने आने से ग्रामवासियों का आंदोलन में पहुँचना प्रशासन के लिए भी टेड़ी खीर बन गया है, अब देखने वाली बात है कि खनन पट्टाधारक की किसी बड़े रसूखदार से सम्पर्क होना भी चर्चाओं में है, अब देखने वाली बात है कि प्रशासन द्वारा खनन पट्टाधारक को विरोध के बीच खनन की स्वीकृति दी जाती है या इस पर ग्रामीणों को मनाने के बाद ही स्वीकृति दी जाती है ये देखने वाली बात होगी।





## सपनों की उड़ान कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिद्धा के प्रांगण में शुक्रवार को सपनों की उड़ान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रेम सिंह टुरना ने अपने संबोधन में विद्यालयों के हित में कार्य करते रहने का आश्वासन दिया। व उनके द्वारा समूह गान में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सिद्धा की छात्र- छात्राओं तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली उच्च प्राथमिक विद्यालय तपेड़ा की छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि टुरना द्वारा राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक सिद्धा के प्रांगण में मिट्टी पटान का कार्य कराने का भी आश्वासन दिया गया, एवं उनके द्वारा सपनों की उड़ान कार्यक्रम में सम्मिलित सभी बच्चों के लिए फल वितरण किया गया। समापन अवसर पर कार्यक्रम संयोजक न्याय पंचायत समन्वयक जसोद सिंह मेहता द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। जसोद मेहता ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सपनों का चित्र, कुर्सी दौड़ कविता पाठ, टीएलएम प्रदर्शन, विज्ञान मॉडल आदि का प्रदर्शन दिखाया गया। मंच संचालन की भूमिका में खिलानंदा अटवाल रहे।इस अवसर पर राधे सिंह राणा, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष दिनेश सिंह, राजीव चौहान, रमाकांत आचार्य, गुरुसरन सिंह, सोबरन सिंह राणा, सूरज सक्सेना मौजूद रहे।



# हमारी सरकार युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए कृत संकल्पित:धामी

## नकल विरोधी कानून पारित किये जाने पर जताया सीएम का आभार

चंपावत। सीएम पुष्कर सिंह धामी चम्पावत में नकल विरोधी कानून पारित किये जाने के उपलक्ष्य में युवाओं द्वारा आयोजित आभार रैली में शामिल हुए। सीएम ने कहा कि जनपद के विभिन्न स्थानों से भारी संख्या में पहुँचे युवाओं के स्नेह और समर्थन से मन अभिभूत है। हम राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लेकर आए है, जो नकल माफियाओं को जड़ से खत्म करने में मददगार साबित होगा। हमारी सरकार युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चम्पावत में जनपद के विकास हेतु 4884.21 लाख की 10 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर एवं त्वरित ढंग से करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गये हैं। इस अवसर पर सांसद श्री अजय टम्टा, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती ज्योति राय, विधायक श्री खुशाल सिंह अधिकारी, क्षेत्र प्रमुख चम्पावत श्रीमती रेखा देवी, श्रीमती विनीता फर्त्याल, जिलाध्यक्ष श्री निर्मल महरा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि गण अधिकारी आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत मुख्यालय के संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वाहन फिटनेस सार्टिफिकेट एवं लर्निंग लाईसेंस वितरित कर कार्यालय के कार्यों की शुरुआत की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि चम्पावत में परिवहन विभाग के संभागीय निरीक्षक कार्यालय होने से यहाँ पर वाहनों की फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेंस बनने जैसे कार्य होंगे तथा जनता के समय व धनराशि की बचत भी होगी। स्थानीय लोगों की समस्या के समाधान के लिए वह सदैव प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पावत में अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी किये जायेंगे। प्रदेश सरकार उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के अपने विकल्प रहित संकल्प के मंत्र के साथ निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा चम्पावत में आर्मी स्कूल खोले जाने एवं इस हेतु निःशुल्क भूमि आवंटित किए जाने की घोषणा की गई। साथ ही गोल्ज्यू मन्दिर के समीप पीडब्ल्यूडी की भूमि पर एवं पशुपालन की भूमि पर पर्यटन अवस्थापनाओं का विकास किए जाने की घोषणा भी की गई। लोहाघाट नगर के लिए सरयू पेयजल योजना के सम्बन्ध में उपयुक्त पाये जाने पर डीपीआर बनाए जाने, टनकपुर बनवसा में तत्काल विस्तृत ड्रेनेज प्लान बनाए जाने, गौरलचौड़ मैदान के समीप पुरानी जेल वाली भूमि पर ओपन एयर थियेटर बनाए जाने की भी घोषणा की गई। राजकीय उच्चतर मा. विद्यालय डुंगराबोरा के उच्चीकरण के सम्बन्ध में एवं विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट में लोहाघाट पंचेश्वर मोटरमार्ग के खीड़ी गाँव से धौनी शिलिंग मोटर मार्ग का पुनः निर्माण एवं सुधारीकरण का कार्य करवाए जाने की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर सांसद श्री अजय टम्टा, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती ज्योति राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय वर्मा, लोहाघाट पालिका अध्यक्ष श्री गोविंद वर्मा सहित विभिन्न अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



